प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी




ईरान युद्ध-ट्रंप खेल रहे कुछ अलग गेम पेज- 2

www.newswani.in पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 218 | गुरुवार 30 जुलाई, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की महिलाओं के लिए खुशखबरी, 1 अगस्त से शुरू होगी लक्ष्मी योजना, हर महीने मिलेंगे 2,500 रुपये

(एजेंसी) नई दिल्ली। बीजेपी सांसदों कमलजीत सहरावत और बांसुरी स्वराज ने बुधवार को दिल्ली की महिलाओं से लक्ष्मी योजना के लिए रजिस्टर करने का आग्रह किया, ताकि उन्हें हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक मदद मिल सके। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, नयी दिल्ली की सांसद स्वराज ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मातृवत स्नेह का उदाहरण है। स्वराज ने कहा कि इस योजना से लगभग 17 लाख महिलाओं को फायदा होने की उम्मीद है और यह 1 अगस्त से शुरू होगी। मुख्यमंत्री गुप्ता की अध्यक्षता वाली दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को इस योजना को मंजूरी दी, जिसके तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये मिलेंगे। यह योजना पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी का चुनावी वादा थी। पश्चिमी दिल्ली की सांसद सहरावत ने कहा कि बीजेपी अपने चुनावी घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली लक्ष्मी योजना के अलावा, मुख्यमंत्री गुप्ता ने विकास प्रक्रिया में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लखपति बिटिया योजना, स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण और मेरी पूंजी मेरा अधिकार जैसी अन्य योजनाएं भी शुरू की हैं।

### जोरदार उछला शेयर बाजार, 880 के पार बंद हुआ सेंसेक्स

(एजेंसी) मुंबई बुधवार (29 जुलाई) को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 888.68 (1.16:) अंक उछलकर 77,654.60 के स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 264.85 (1.10:) अंक चढ़कर 24,250.20 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर मार्केट में आई इस तेजी के पीछे पहला कारण आईटी स्टॉक्स में आई तूफानी तेजी से मिला सपोर्ट है। आईटी इंडेक 2.8: की जोरदार बढ़ोतरी के साथ कारोबार करता दिखा। जहां चिप कंपनियों के शेयर ग्लोबल स्तर पर धराशाई नजर आई, तो वहीं आईटी शेयर गदर मचाते दिखाई दे रहे हैं। दूसरा कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की वापसी को माना जा सकता है, जिनके द्वारा भारतीय इक्विटी की खरीद की जा रही है, बीते कारोबारी दिन 750 करोड़ रुपए से ज्यादा का शेयरों की खरीदारी एफआईआई ने की, जिससे मार्केट के सेंटिमेंट में सुधार हुआ।

# लोकसभा में राहुल गांधी के बयान पर हंगामा

## गृह मंत्री पर टिप्पणी से बढ़ा विवाद, रिजिजू बोले-माफी के बिना सदन नहीं चलेगा

(एजेंसी) नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दसवें दिन लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान जोरदार राजनीतिक टकराव देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों के आंदोलन, पेपर लीक और पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय पर सवाल खड़े किए। उनके भाषण के दौरान गृह मंत्री अमित शाह को लेकर की गई टिप्पणी पर सत्ता पक्ष ने तीखी आपत्ति जताई, जिसके बाद सदन में भारी हंगामा शुरू हो गया। बढ़ते विवाद के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2रू30 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। विधेयक का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और अन्य अनियमितताओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। चर्चा पूरी होने के बाद इस विधेयक पर मतदान भी प्रस्तावित है। यदि लोकसभा से विधेयक पारित होता है तो इसे राज्यसभा में भेजा जाएगा। विधेयक पर चर्चा शुरू करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हाल के छात्र आंदोलनों ने देश की शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक की घटनाओं से सबसे अधिक नुकसान मेहनत करने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों





को उठाना पड़ता है, जबकि प्रभावशाली और संपन्न लोग व्यवस्था का लाभ उठा लेते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र अब अपने अधिकारों के लिए खुलकर आवाज उठा रहे हैं और रोजगार, शिक्षा तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी ने छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए और गृह मंत्री की सदन में अनुपस्थिति पर टिप्पणी की। राहुल गांधी की टिप्पणी के बाद सत्ता पक्ष के सांसदों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि गृह मंत्री पर लगाए गए आरोप निराधार और आपत्तिजनक हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं तो उनके समर्थन में ठोस साक्ष्य भी प्रस्तुत किए जाने चाहिए। रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के नेता को अपने बयान के लिए सदन से माफी मांगनी चाहिए। उनका कहना था कि जब तक माफी नहीं मांगी जाती, सदन का सुचारु संचालन संभव नहीं होगा। हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कई बार हस्तक्षेप करते हुए राहुल गांधी से संसदीय मर्यादा का पालन करने और विधेयक पर केंद्रित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना जांच और प्रमाण के किसी व्यक्ति विशेष पर आरोप लगाना उचित नहीं है। स्पीकर ने स्पष्ट कहा कि सदन नियमों और प्रक्रियाओं से चलता है, भावनाओं या आक्रोश से नहीं। उन्होंने सभी सदस्यों से मर्यादित और संसदीय भाषा के प्रयोग का आग्रह किया।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी राहुल गांधी के भाषण पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि किसी असंसदीय शब्द का प्रयोग हुआ है तो उसे सदन की कार्यवाही से हटाया जाना चाहिए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी सांसद का अपमान करना नहीं था, बल्कि वह एक उदाहरण के माध्यम से अपनी बात रख रहे थे।हालांकि सत्ता पक्ष ने उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार नहीं किया और लगातार विरोध जारी रखा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बहस में हस्तक्षेप करते हुए पूछा कि छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज का आदेश किस स्तर से दिया गया था। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों पर बल प्रयोग हुआ है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई बार तीखी नोकझोंक हुई, जिससे सदन का माहौल लगातार गरमाता गया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार बढ़ते निजीकरण और पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं का भरोसा कमजोर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अलग–अलग परीक्षाओं में अलग–अलग नियम लागू किए जाते हैं, जिससे छात्रों में असमानता और असंतोष बढ़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के युवाओं को पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया की आवश्यकता है। छात्र केवल रोजगार नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण व्यवस्था की भी मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी के भाषण के दौरान कई बार सत्ता पक्ष के सांसद अपनी सीटों से खड़े होकर विरोध जताने लगे। जवाब में विपक्षी सांसद भी नारेबाजी करने लगे। लगातार बढ़ते शोर–शराबे के कारण स्पीकर को कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। अब सदन में एंटी पेपर लीक विधेयक पर चर्चा पूरी होने के बाद मतदान कराया जाएगा। इसके परिणाम पर देशभर के लाखों छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों की नजरें टिकी हुई हैं।

## गुरु पूर्णिमा पर सूर्य, चंद्रमा और बेलपत्र से सजे महाकाल, भांग से हुआ विशेष शृंगार

(एजेंसी) उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में आषाढ़ महीने की पूर्णिमा तिथि (गुरु पूर्णिमा) पर बुधवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनने के लिए मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बुधवार तड़के भगवान वीरभद्र की आज्ञा लेने के बाद ढोल–नगाड़ों के साथ बाबा



महाकाल के कपाट खोले गए। दिव्य शृंगार और भस्म आरती के बाद जैसे ही श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन हुए, पूरा मंदिर परिसर ष्जय श्री महाकालष के उद्घोष से गूंज उठा। मंदिर परिसर घंटियों, शंखध्वनि और मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा।महाकाल मंदिर के पट खुलने के साथ ही मंत्रोच्चार के बीच भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर, और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बाबा महाकाल का भांग से शृंगार किया गया। सूर्य, चंद्रमा और बेल पत्र से सजकर बाबा भक्तों को दर्शन दिए। महाकाल मंदिर के पुजारी ने महाआरती संपन्न कराई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। अपने आराध्य देव के दर्शन पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु बीती रात से ही कतारबद्ध थे। पहले महाकाल को श्मशान की राख अर्पित की जाती थी, लेकिन अब विशेष रूप से कपिला गाय के गोबर और औषधीय जड़ी–बूटियों से तैयार भस्म का उपयोग होता है। भस्म आरती के दौरान पुरुषों के लिए पारंपरिक धोती–सोला और महिलाओं के लिए साड़ी पहनना अनिवार्य है। बाबा महाकाल की आरती देश–विदेश में मशहूर है, जिसे देखने के लिए जनसामान्य से लेकर बड़ी हस्तियां भी आती हैं। इस दौरान मंदिर के आसपास व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है।

## सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएंः बोले-हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

(एजेंसी) गोरखपुर। यूपी के गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर्व



संबंधी धार्मिक एवं आनुष्ठानिक कार्यक्रमों की व्यस्तता के बावजूद जनता दर्शन आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोगों की शिकायतों को पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ लेते हुए उनका त्वरित एवं संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बुधवार को गुरु पूर्णिमा पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठे फरियादियों के बीच स्वयं पहुंचकर उन्होंने एक–एक व्यक्ति की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी जरूरतमंद को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, सरकार हर नागरिक के साथ खड़ी है और सभी मामलों का समयबद्ध समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए और उसकी नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी भी मरीज का उपचार नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित मरीजों के इलाज का इस्टीमेट शीघ्र तैयार कर शासन को भेजा जाए ताकि आर्थिक सहायता की राशि समय पर जारी की जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ भी पहुंचीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को स्नेहपूर्वक दुलार किया, उन्हें चॉकलेट भेंट की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जनता दर्शन में प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## पीएम मोदी ने सुभाषित शेयर कर गुरु पूर्णिमा की बधाई दी

### -लिखा- गुरु ज्ञान के साथ ही सुसंस्कारों से सुशिक्षित करते हैं

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार को सुभाषित शेयर किया है। उन्होंने देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, षगुरु पूर्णिमा की सभी देशवासियों को बहुत–बहुत बधाई। गुरु ज्ञान के साथ ही अपने शिष्यों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर उन्हें सुविचार और सुसंस्कारों से सुशिक्षित करते हैं। आइए, उनके आदर्शों को अपने जीवन का संबल बनाएं। पीएम की ओर से सोशल मीडिया पर एक श्लोक, प्रेरकः सूचकश्चौव वाचको दर्शकस्तथा। शिक्षकः बोधकश्चौव षड्ेते गुरवः स्मृताः भी साझा किया गया है। जिसका हिंदी अर्थ है कि जो जीवन में प्रेरणा का संचार करे, सही दिशा का संकेत दे, ज्ञान और सत्य का उपदेश करे, उचित मार्ग दिखाए, शिक्षा प्रदान करे तथा जीवन में सत्य का बोध कराकर आत्मविकास का मार्ग प्रशस्त करे, ये गुरु के छह स्वरूप



बताए गए हैं। बीते दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सुभाषित शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा गया था, प्रकृति के संरक्षण और सम्मान में ही मानवता का कल्याण निहित है। हमारी परंपरा भी हमें इसी धर्मसम्मत आचरण की प्रेरणा देती है। उन्होंने संस्कृत श्लोक, लोकपालाश्च ते सर्वे वासवप्रमुखास्तथा। ऋतवः षट् च ते सर्वे मासाः संवत्सराः क्षपाःध दिनानि च मुहूर्ताश्च स्वस्ति कुर्वन्तु ते सदा। श्रुतिः स्मृतिश्च धर्मश्च पातु त्वां पुत्र सर्वतःछ भी साझा किया था। जिसका हिंदी अर्थ है कि प्रकृति और धर्म के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन ही सुख, सुरक्षा और मंगल का आधार है। अतः दिशाओं के रक्षक देवता, इंद्र आदि प्रमुख देवगण, छह ऋतुएं, सभी मास, वर्ष, रात्रियां, दिन और शुभ मुहूर्त सदैव कल्याणकारी हों। वेद, स्मृतियां और धर्म भी सभी प्रकार से सर्वत्र सबकी रक्षा करें। सोमवार को प्रधानमंत्री की ओर से श्एक्सश पोस्ट में संस्कृत श्लोक, शीलवान् पूजितो लोके, शीलवान् साधुसम्मतः। शीलवान् सर्वकर्मार्हः, शीलवान् प्रियदर्शनःध शेयर किया गया था। जिसका हिंदी अर्थ है, सदाचारी मनुष्य समाज में प्रतिष्ठा और सज्जनों का आदर प्राप्त करता है। उत्तम चरित्र से युक्त व्यक्ति अपने सत्यनिष्ठा, विनम्र, और मर्यादित आचरण के कारण प्रत्येक उत्तरदायित्व के योग्य माना जाता हैय उसका व्यक्तित्व सभी के लिए आकर्षक और अनुकरणीय होता है। वास्तव में, सफलता, प्रभावी नेतृत्व, और अटूट विश्वास का वास्तविक आधार उत्तम चरित्र ही है।

## संसद ने उठाया बड़ा कदम, वंदे मातरम के अपमान पर अब होगी जेल, राज्यसभा से पास हुआ बड़ा बिल

(एजेंसी) नई दिल्ली। राज्यसभा ने बुधवार को उस विधेयक को पारित कर दिया, जिसके



प्रावधानों के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के गायन के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान या उसका अपमान आपराधिक कृत्य माना जाएगा और इसके लिए तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है। उच्च सदन ने राष्ट्र गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 को संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक पारित किए जाने के समय कांग्रेस सहित विपक्ष के सदस्य सदन में मौजूद नहीं थे क्योंकि वे गृह मंत्री अमित शाह की गैर मौजूदगी सहित विभिन्न मुद्दों पर विरोध जताते हुए सदन से वॉक आउट कर गये थे। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह विधेयक देश के लोगों की भावना को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् देश के स्वतंत्रता संग्राम में देशवासियों का प्रिय नारा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपनी तुष्टीकरण की नीति के कारण वंदे मातरम् को आजादी के बाद वह सम्मान नहीं प्राप्त होने दिया जो उसे प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी कारण वंदे मातरम् के केवल दो अंतरों को ही सरकार ने स्वीकार किया और इसके दो ही अंतरे सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों में गाए–बजाए जाते थे। उन्होंने कहा कि आजादी मिलने के बाद पहले दिन प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के निर्देश पर पंडित ओंकार नाथ ठाकुर ने आकाशवाणी पर पूरा वंदे मातरम् गाया था। इस विधेयक के तहत 1971 के मूल अधिनियम में संशोधन का प्रावधान किया गया है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि राष्ट्रगान की तरह राष्ट्रगीत को गाने से जानबूझ कर रोकने या ऐसे गायन में लगी किसी सभा में व्यवधान पैदा करने को एक दंडनीय अपराध बनाने का प्रावधान किया जाता है। इसमें बताया गया है कि 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा में राजेन्द्र प्रसाद ने कहा था कि वंदे मातरम को जन गण मन के समान ही सम्मान और बराबर का दर्जा दिया जाएगा। इसमें कहा गया कि वर्तमान में कोई ऐसा विधिक उपबंध नहीं है जो वंदे मातरम गायन के अपमान को रोकता हो। विधेयक में राष्ट्रगीत के अपमान के लिए तीन वर्ष तक की सजा या जुर्माना अथवा दोनों के प्रावधान हैं।

## आजकल बच्चे किताबें नहीं पढ़ते, कला को मत रोकिए, ओडिशा सरकार को झटका, एससी ने महाप्रभु जगन्नाथ को दी हरी झंडी

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को ओडिशा सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें महाप्रभु जगन्नाथ फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने कहा कि एनिमेशन बच्चों के लिए बनाई गई कला का एक नया रूप है और ऐसी याचिकाओं के कारण इसे रोका नहीं जा सकता। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने दलीलें सुनने के बाद फिल्म को प्रदर्शित करने के लिए दिये अपने पूर्व के आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, देश में रचनात्मकता है। एनिमेशन बच्चों के लिए है। आजकल कोई किताबें नहीं पढ़ रहा है। ये चीजें कला के रास्ते में नहीं आनी चाहिए। ओडिशा सरकार ने दलील दी थी कि भगवान जगन्नाथ के चित्रण पर कुछ वर्गों की आपत्तियों के बाद फिल्म के प्रदर्शन से कानून–व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। इससे पहले, न्यायालय ने भगवान जगन्नाथ यात्रा के उत्सव के बाद 28 जुलाई या उसके बाद एनिमेटेड फिल्म की अखिल भारतीय प्रदर्शन की अनुमति दी थी। पीठ ने रेखांकित किया था कि एनिमेटेड फिल्म यूट्यूब पर पहले ही प्रदर्शित की जा चुकी है जो एक वेब सीरीज पर आधारित है और सेंसर बोर्ड ने इसे दिखाने की मंजूरी दे दी थी।

# सम्पादकीय

## धर्मेंद्र प्रधान- पार्टी में मिल सकती है ज़िम्मेदारी

संसद में मॉनसून सत्र चल रहा है। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि इस दौरान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रधान 27 जुलाई को पहली बार संसद पहुंचे थे। परिसर में पहुंचते ही भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सांसदों ने मकर द्वार पर गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान नेताओं ने धर्मेंद्र प्रधान जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं, भाजपा नेता और लोकसभा सांसद संजय जायसवाल ने धर्मेंद्र प्रधान को पाग पहनाया। विदित हो कि धर्मेंद्र प्रधान के आने से पहले भाजपा सांसद मकर द्वार पर जमा हुए और उनके स्वागत का इंतजार करने लगे। जैसे ही वे संसद परिसर में दाखिल हुए, पार्टी के साथियों ने उन्हें अंदर तक पहुंचाया, उनका अभिवादन किया और एकजुटता दिखाते हुए उन्हें एक खास टोपी भी भेंट की। तो वहीं दूसरी ओर धर्मेंद्र प्रधान के संसद पहुंचने के बाद विपक्ष ने भी तुरंत प्रतिक्रिया किया। प्लेकार्ड और नारों के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा समेत विपक्षी सांसदों ने शिक्षा चोरी के नारे लगाए। बहरहाल, अगर शिक्षामंत्री के पद से इस्तीफा दे चुके धर्मेद्र प्रधान की बात की जाए तो गौरतब है कि नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों के जोरदार प्रदर्शन के बाद अपने पद से इस्तीफा देने के बाद अब धर्मेंद्र प्रधान के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी है। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और चुनाव मैनेजर प्रधान को लेकर पार्टी अब आगे क्या फैसला करती है, इसपर सबकी नजर है। इस बीच प्रधान ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश से बातचीत के दौरान अपना इरादा भी साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि वो स्ट्रीट फाइटर हैं। मालूम हो कि संसद भवन के गरियारे में कांग्रेस नेता जयराम रमेश उनसे सहानुभूति प्रकट करने पहुंचे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधान से कहा कि इट हैपन्स (ऐसा होता है)। इस पर प्रधान ने तुरंत जवाब दिया नथिं हैपन्ड (कुछ नहीं हुआ)। इसके बाद प्रधान ने कहा– आई एम ए स्ट्रीट फाइटर। नॉट एन एसी रूम ऐक्टिविस्टश (मैं सड़क पर संघर्ष करने वाला नेता हूं, एसी रूम में बैठने वाला एक्टिविस्ट नहीं)। प्रधान का यह वाक्य बताता है कि उनके हौंसले बुलंद हैं। वे अगली जिम्मेदारी संभालने के लिए भी तैयार हैं। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि प्रधान की क्या भूमिका रहेगी? वे ओडिशा भाजपा के ताकतवर नेता होने के साथ ही केंद्रीय राजनीति में भी अहम भूमिका निभाते आए हैं। हाल में बिहार विधानसभा चुनाव में प्रभारी रहे और उसके बाद में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट पर शुभेंदु अधिकारी की जीत के सूत्रधार बने। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगा तो उसके तुरंत बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रधान ने बतौर प्रभारी हैट्रिक लगाने में बड़ा योगदान दिया। इससे पहले वे उत्तर प्रदेश, एमपी, उत्तराखंड, कर्नाटक जैसे कई राज्यों में प्रभारी के तौर पर पार्टी की जीत में भूमिका निभा चुके हैं। कहा जा रहा है कि इस्तीफे के बाद पार्टी ने उन्हें अकेला नहीं छोड़ा है। गृह मंत्री अमित शाह उनके घर गए। भाजपा के शीर्ष नेताओं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों का समर्थन किया है। भाजपा नेताओं का मानना है कि उनका इस्तीफा उनकी घटती साख का संकेत नहीं, बल्कि राजनीतिक जवाबदेही, त्याग और राष्ट्र हित का एक बड़ा उदाहरण है। वहीं दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि प्रधान के इस्तीफे से ओडिशा भाजपा के अंदरूनी समीकरणों पर भी असर पड़ सकता है। जुएल ओराम के अलावा वे राज्य से दूसरे कैबिनेट मंत्री थे। ओडिशा भाजपा पर प्रधान की मजबूत पकड़ है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस्तीफा देने से ओडिशा में धर्मेंद्र प्रधान का दबदबा कम नहीं होगा। ओडिशा में 2014 से पार्टी के विस्तार और 2024 के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य के 78 भाजपा विधायकों में से अधिकांश और ओडिशा मंत्रिमंडल के लगभग 40 प्रतिशत मंत्री उनके करीबी माने जाते हैं। प्रधान ओडिशा के मुख्यमंत्री पद के भी दावेदार थे लेकिन यह जिम्मेदारी मोहन माझी को दी गई। उनका नाम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दावेदार के तौर पर भी लिया गया था लेकिन यह पद युवा नितिन नवीन की झोली में चला गया। अब वे कैबिनेट मंत्री भी नहीं रहे। माना जा रहा है कि उन्हें पार्टी संगठन में कोई जिम्मेदारी दी जा सकती है। या आने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में वे पार्टी की कमान संभाल सकते हैं। उनके समर्थकों का मानना है कि उन्होंने राष्ट्र हित में पद त्याग किया है। इससे जनता और उनके संसदीय क्षेत्र संबलपुर में उनकी छवि और अधिक मजबूत होगी।



नफीस जाफरी

# ईरान युद्ध-ट्रंप खेल रहे कुछ अलग गेम



गुलफिशा खान

अमेरिका ने फिलहाल के लिए ईरान पर अटैक बंद कर दिए हैं। बताया जा रहा कि मिसाइलों की कमी के कारण उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ट्रंप को इसके लिए राजी किया। वही अब समाचार यह है कि अब इस युद्ध में रूस–यूक्रेन की एंट्री हो गई है। ऐसे में अब इस युद्ध का दायरा फैलने की भी आशंका जताई जा रही है। अब तक अमेरिका ट्रंप की अगुवाई में यूक्रेन पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं यूरोप ईरान युद्ध में अभी चुप्पी साधे हुए है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि उनका देश कैस्पियन सागर में यूक्रेनी हमले का जवाब देगा, जिसमें एक ईरानी जहाज को निशाना बनाया गया था। यह बयान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कीव ने कैस्पियन सागर में ईरान से जुड़े सैन्य सामान ले जा रहे जहाजों पर लंबी दूरी के हमले किए हैं। इससे यूक्रेन में रूस के युद्ध का दायरा और अधिक अंतरराष्ट्रीय होता दिख रहा है। वही इस सबके बीच ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने साफ कर दिया है वो हिज्बुल्लाह के साथ खड़े हैं। ईरान का कहना है कि इजरायल के प्रभाव में शुरू की गई जंग के पांच महीने बाद अमेरिका फंसा हुआ है और संघर्ष कर रहा है और उसे निश्चित रूप से इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई कई बार बदला लेने की बात कर चुके हैं। ईरान के खिलाफ युद्ध पर ट्रंप प्रशासन ने बताया कि अब हवाई हमलों को रोक दिया गया है। इसे रोकने का मकसद बातचीत के लिए गुंजाइश बनाना था। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि वे तनाव और बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मगर असलियत ये है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सहित सैन्य अधिकारियों ने ट्रंप को समझाया कि अमेरिका के पास गोला–बारूद कम हो गया है और अगर ये ऐसे ही चलता रहा तो अमेरिका की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। ईरान के सख्त रुख के बावजूद राजनयिक गतिविधियों के कुछ संकेत मिल रहे हैं। ईरान ने कहा है कि हाल के दिनों में उसने ओमान के साथ डिप्टी विदेश मंत्री स्तर पर बातचीत की है। लेकिन अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि इस्लामिक रिपब्लिक अपनी होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए रखने की जिद से पीछे हटेगा। फिलहाल दोनों तरफ से हमले रुके हुए हैं। इस बीच पाकिस्तान, इराक और कतर अपनी तरफ से कूटनीतिक कोशिशें जारी रखे हुए हैं, मगर फिलहाल इसका कोई हल निकलता नहीं नजर आ रहा। इन सबके बीच ट्रंप अब पुराने प्लान पर काम करना शुरू कर चुके हैं। ट्रंप ने पूरी कोशिश कर ली कि वो ईरान में सत्ता परिवर्तन करवाकर अपनी जीत का ऐलान







कर दें। मगर ऐसा नहीं हुआ। उसके बाद उन्होंने इजरायल को साइडलाइन कर बीच का रास्ता निकालने की भी कोशिश करके देख लिया। अब उन्हें समझ आ गया है कि अगर मध्य पूर्व में अमेरिका की ताकत का झंडा बुलंद करना है तो इजरायल को पूरी तरह सेफ करना होगा। अब वो फिर से अब्राहम अकॉर्ड पर आ गए हैं। अब्राहम अकॉर्ड इजरायल और अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य करने वाला एक ऐतिहासिक समझौता है। इसकी शुरुआत ट्रंप के पहले कार्यकाल सितंबर 2020 में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई थी। इस समझौते से जुड़ने वाले देशों में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मोरक्को, सूडान और कजाकिस्तान हैं। अब ट्रंप सऊदी अरब पर दबाव डाल रहे हैं कि वो भी इस समझौते में शामिल हो। इसके बदले में अमेरिका से सऊदी अरब को नागरिक परमाणु समझौते का गिट मिलेगा। फिलहाल सऊदी अरब ने इस पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है पर सऊदी की मुश्किल ये है कि ईरान और हूतियों के निशाने पर वो भी है। पाकिस्तान से रक्षा समझौता होने के बाद भी उस पर हमले हुए. पाकिस्तान ने ईरान को समझाने से लेकर ट्रंप को धोखा देकर ईरान से गैर–कानूनी तौर पर तेल की डील की पर इसके बाद भी हमले नहीं रुके। ऐसे में सऊदी को अपनी सुरक्षा के लिए एक बार फिर अमेरिका की ओर ही देखना पड़ रहा है। अगर युद्ध या तनाव ज्यादा दिनों तक टिकता है तो देर–सवेर हो सकता है कि सऊदी भी अब्राहम अकॉर्ड में शामिल हो जाए। सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल–शरा ने बताया है कि दमिश्क कई देशों की भागीदारी के साथ इजरायल के साथ सुरक्षा समझौता करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। अल जजीरा के अल मुकाबला कार्यक्रम में एक खास इंटरव्यू के दौरान अल–शरा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इजरायल के साथ यह समझौता व्यापक शांति का रास्ता खोल सकता है। इसी तरह लेबनान के साथ अमेरिका ने इजरायल का समझौता करा दिया है। जाहिर है हिज्बुल्लाह इससे खुश नहीं हैं, मगर अब उनकी मुसीबत बढ़ जाएगी. एक तरफ उन्हें लेबनान की सेना से लड़ना पड़ेगा और दूसरी तरफ इजरायल से. सऊदी के इजरायल से समझौता होते ही कतर से लेकर इराक और ओमान तक का अब्राहम अकॉर्ड से जुड़ने का संकोच अपने आप ही टूट जाएगा। इस तरह से खाड़ी में ईरान को पूरी तरह अलग–थलग कर कभी–कभार हमले और आर्थिक पाबंदियों के जरिए ट्रंप लगाम रखने पर काम करते दिख रहे हैं।

# मोज़तबा खामेनेई ने दिया हिज्बुल्लाह को खुला समर्थन



फरीद वारसी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद तेहरान की सत्ता संभालने वाले उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, मोजतबा खामेनेई अपने पिता की तुलना में ईरान को परमाणु हथियारों से लैस करने के अधिक हिमायती हैं। अब अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि सत्ता की कमान संभाल रहे मोजतबा और युद्ध के बाद उभरा ईरान का कट्टरपंथी धड़ा, जल्द से जल्द परमाणु हथियार हासिल करने के पक्ष में हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, दिवंगत नेता अली खामेनेई भले ही लंबे समय से परमाणु विकास पर जोर देते रहे हों, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों का मानना था कि एक सीमा से आगे जाकर परमाणु बम बनाने के फैसले को लेकर उनके मन में थोड़ी हिचकिचाहट थी। इस सबके बीच ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने इजरायल के खिलाफ हिज्बुल्लाह के लड़ाकों की मजबूती की तारीफ की है। उन्होंने इस गुट को आक्रामकता के खिलाफ एक मजबूत चट्टान बताया और कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक ने लेबनानी लड़ाकों की रक्षा को अपनी स्ट्रैटेजिक पॉलिसी बना ली है। ईरान की अर्ध–सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, खामेनेई ने कहा कि हिज्बुल्लाह की मजबूती दुनिया भर के उन आजाद देशों के लिए हौसले का मैसेज बन गया है, जो दमन और वैश्विक अहंकार के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में खामेनेई ने हिज्बुल्लाह के सेक्रेटरी–जनरल शेख नईम कासिम और संगठन के लड़ाकों की ओर से भेजी गई वफादारी की चिट्ठी का जवाब दिया। उन्होंने उनके धैर्य, बड़प्पन और त्याग की तारीफ की और हिज्बुल्लाह को इजरायल के खिलाफ प्रतिरोध में सबसे आगे रहने वाली अडिग चट्टान बताया है। खामेनेई ने कहा, आज, जब दुनिया के देश जिंदगियों और पीढ़ियों को बर्बाद करने वाले अमेरिकी सरकार और अपराधी जायोनियों के अत्याचार और दमन से तंग आ चुके हैं, तो जिहाद और प्रतिरोध के अलावा आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं बचा है। मोजतबा खामेनेई ने कहा, अब जब लेबनान का हिज्बुल्लाह, जिहादी गुटों की अगुवाई करते हुए, जायोनी शासन यानी इजरायल और उसके समर्थकों के हिंसक हमलों के खिलाफ एक मजबूत चट्टान की तरह खड़ा है, तो यह मजबूती दुनिया के आजाद देशों के लिए प्रेरणा का संदेश बन गई है। सुप्रीम लीडर ने इन पीड़ित और ताकतवर लड़ाकों की रक्षा को ईरान की स्ट्रैटेजिक पॉलिसी घोषित किया। इसके साथ ही, उन्होंने अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने के किसी भी समझौते के लिए लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने और इजरायली आक्रामकता को पूरी तरह और बिना किसी शर्त के खत्म करने को पहली शर्त बताया है। खामेनेई ने आगे कहा कि अमेरिका के खिलाफ श्थोपे गए युद्धश को खत्म करने के किसी भी समझौते में लेबनान के खिलाफ इजरायली आक्रामकता को खत्म करना भी शामिल होना चाहिए। ईरानी नेता ने दक्षिणी लेबनान के लोगों के धैर्य और समर्थन की भी तारीफ की और हिज्बुल्लाह के मारे गए नेता सैयद हसन नसरल्लाह और आंदोलन के अन्य कमांडरों को श्रद्धांजलि दी। खामेनेई ने कहा कि लड़ाकों ने हिज्बुल्लाह को एक छोटे पौधे से एक बड़ा पेड़ बना दिया है और पूरे इस्लामी दुनिया में लेबनान का मान बढ़ाया है। अब अगर हिज्बुल्लाह द्वारा बनाए गए एक नए हथियार की बात करें तो लगभग दो साल पहले, हिज्बुल्लाह को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में लेबनान भर में हजारों पेजर कुछ ही सेकंड के अंतराल में फट गए थे। इन धमाकों में दो बच्चों समेत कम से कम 32 लोग मारे गए और हजारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह दुनिया का एक अनोखा हमला था। अब, हिज्बुल्लाह ने अपना एक हथियार खोज लिया है और वह चुपचाप इजरायली नागरिकों की जान ले रहा है। कहा जा रहा है कि यह हथियार एक फाइबर–ऑप्टिक क्वाडकॉप्टर ड्रोन है, जिसका वजन कुछ किलोग्राम से भी कम है, फिर भी यह सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। इसकी खासियत इसके आकार में नहीं, बल्कि इसके नियंत्रण के तरीके में है। वायरलेस सिग्नल पर निर्भर रहने वाले पारंपरिक ड्रोनों के विपरीत, फाइबर–ऑप्टिक ड्रोन अपने ऑपरेटर से एक भौतिक केबल के माध्यम से जुड़ा होता है। यही एक अंतर सब कुछ बदल देता है। चूंकि अवरोधित या अवरुद्ध करने के लिए कोई रेडियो सिग्नल नहीं होता, इसलिए इजरायल की इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग सिस्टम्स, जो लंबे समय से उसकी ड्रोन–विरोधी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं, बेकार हो जाती हैं। इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान के वरिष्ठ शोधकर्ता येहोशुआ कालिस्की ने सीएनएन को बताया कि ये ड्रोन संचार जैमिंग से अप्रभावित हैं, और इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर की अनुपस्थिति में, यह पता लगाना भी असंभव है कि उन्हें कहां से लॉन्च किया गया था। बीते रविवार को हिज्बुल्लाह ने एक ड्रोन की गतिविधि का वीडियो जारी किया. फुटेज में ड्रोन के हमले से पहले इजरायली सैनिकों को आने वाले खतरे की कोई जानकारी नहीं दिखी। इजरायल रक्षा बलों ने पुष्टि की कि इस हमले में 19 वर्षीय सार्जेंट इदान फूक्स शहीद हो गए और कई अन्य सैनिक घायल हो गए। जब घायलों को निकालने के लिए एक बचाव हेलीकॉप्टर पहुंचा, तो हिज्बुल्लाह ने उस पर भी और ड्रोन दागे। सीएनएन से बात करने वाले एक इजरायली सैन्य सूत्र के अनुसार, ड्रोन को उसके ऑपरेटर से जोड़ने वाला केबल 15 किलोमीटर तक लंबा हो सकता है। केबल इतना पतला और हल्का होता है कि इसे नंगी आंखों से देखना लगभग असंभव है। इससे ऑपरेटर को वास्तविक समय में लक्ष्य का स्पष्ट, प्रत्यक्ष .श्य प्राप्त करते हुए, खतरे से पूरी तरह सुरक्षित रहने की सुविधा मिलती है। फाइबर–ऑप्टिक ड्रोन की शुरुआत हिज्बुल्लाह से नहीं हुई थी। ये सबसे पहले यूक्रेन में बड़ी संख्या में दिखाई दिए, जहां रूसी सेना ने इनका प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया। रूस ने इस तकनीक को और विकसित किया और ड्रोन के केबल को एक बेस यूनिट से जोड़ा, जो स्वयं ऑपरेटर से जुड़ा हुआ था। इजरायल के दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों के निकट सक्रिय होने के कारण, हिज्बुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान और उत्तरी इजराइल में इजराइली सैनिकों का शिकार करने के लिए इन ड्रोनों का उपयोग शुरू कर दिया है, जो दोनों ही क्षेत्र उनकी सीमा में आते हैं। इजरायल का मानना है कि हिज्बुल्लाह बेस ड्रोन चीन या ईरान से प्राप्त करता है और फिर प्रत्येक ड्रोन में ग्रेनेड या इसी तरह का विस्फोटक उपकरण लगाता है। परिणामस्वरूप, एक ऐसा हथियार तैयार होता है जो सस्ता, लगभग अ.श्य और अत्यधिक सटीक होता है, और अपेक्षा.त छोटे पैमाने पर भी इजरायली सेना के खिलाफ सटीक हमले करने में सक्षम है। आईडीएफ ने आने वाले ड्रोनों को रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई की है, यही तरीका यूक्रेन में भी अपनाया गया था। आईडीएफ के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया, यह पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है, उतना नहीं जितना हम चाहते हैं। सेना अपनी खुफिया निदेशालय के साथ मिलकर अपनी प्रतिक्रिया को बेहतर बनाने पर काम कर रही है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। अधिकारी ने कहा, यह एक ऐसा खतरा है जिससे निपटने के लिए हम अभी भी खुद को ढाल रहे हैं।





# इथेनॉल पर सवाल

पेट्रोलियम पदार्थों के विदेशों से आयात पर देश की अत्यधिक निर्भरता हमेशा गंभीर चिंता का विषय रही है। खासकर, हालिया पश्चिम एशिया संकट के दौरान हॉर्मूज खाड़ी में कच्चे तेल व गैस टैंकरों की आवाजाही पर रोक ने स्थिति की गंभीरता को दर्शाया। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल को लेकर आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिये इसमें इथेनॉल मिलाने का विकल्प चुना। लेकिन आज इसके साइड इफेक्ट को लेकर देश में चिंता बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि इससे वाहनों की माइलेज कम हुई है। कुछ की आशंका है कि गाड़ियों के रखरखाव की लागत बढ़ी है। दरअसल, इसकी वजह इथेनॉल के उपयोग को लेकर किसी प्रामाणिक अध्ययन का सामने न आना भी रहा है। ऐसे में अब जब केंद्र सरकार ने संसद में स्वीकार किया है कि उसने अभी तक ऐसा कोई आकलन नहीं किया है, जिससे पता चल सके कि देश में कितने वाहन ई–20 यानी अस्सी प्रतिशत पेट्रोल व बीस प्रतिशत इथेनॉल के अनुकूल हैं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। इससे यह बात साबित होती है कि देश के हरित ऊर्जा के लक्ष्यों और जमीनी स्तर की तैयारियों के बीच कितना अंतर है। ऐसे में वाहनों की प्रामाणिक गिनती या सर्वे के बिना देशव्यापी बदलाव के सफल होने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? निस्संदेह ई–20 को बढ़ावा देने का उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना है। साथ ही कार्बन उत्सर्जन घटाना और भारत की बायोफ्यूल वाली अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाना है। वहीं सरकार का कहना है कि बड़े पैमाने पर हुए अध्ययनों और फील्ड ट्रायल में यह वैकल्पिक ईंधन निर्धारित मानकों के तहत प्रयोग के लिये सुरक्षित पाया गया है। निस्संदेह, नियंत्रित स्थिति में हुए वैज्ञानिक परीक्षणों के परिणाम सकारात्मक हो सकते हैं। लेकिन जब लाखों वाहन चालकों को प्रभावित करने वाली किसी नीति का क्रियान्वयन किया जाता है तो जनता का विश्वास हासिल करने के लिये प्रामाणिक डेटा की भी जरूरत होती है। बहरहाल, संसद में सरकार की स्वीकारोक्ति से इस नीति को लेकर विरोधाभास तो उजागर होता ही है। सरकार का दावा है कि पिछले कुछ सालों से बीस करोड़ दुपहिया वाहनों और तीन करोड़ से ज्यादा पेट्रोल से चलने वाली कारों में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकारी दलील है कि इसके बावजूद कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई है। हालांकि, सरकार की ओर से यह जानकारी नहीं दी गई है कि जिन वाहनों को लेकर वह दावा कर रही है, उसमें कितने वाहन ई–20 के लिये डिजाइन या प्रमाणित थे। ऐसी किसी बुनियादी जानकारी के बिना, सुरक्षा और परफॉर्मेंस के बारे में दिए गए भरोसे के शब्द शायद ही लोगों को विश्वास दिला पाएं कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल उनके लिये लाभकारी है। हाल के दिनों में पूरे देश से इथेनॉल के मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रियाएं नजर आ रही हैं। मुद्दा सार्वजनिक विमर्श का विषय बना हुआ है। कुछ संगठन आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं। ट्रांसपोर्ट यूनियनों के विरोध, विपक्ष की इस मामले में पारदर्शिता की मांग और 'ई–20 जनता पार्टी' जैसे व्यंग्यात्मक ऑनलाइन कैंपेन लोगों की इस बाबत बढ़ती चिंता को ही दर्शाता है। ऐसे में सरकार को इस मुद्दे को समय रहते गंभीरता से लेने की जरूरत है। सही मायने में ग्राहकों को वारंटी सुरक्षा, लंबे समय तक रखरखाव के खर्च, इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की माइलेज और इंजन व अन्य उपकरण खराब होने की जिम्मेदारी के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलनी ही चाहिए। इस बाबत सरकार द्वारा दी गई केवल सफाई भरोसे का आधार नहीं बन सकती। इसके लिये प्रामाणिक तथ्यों की भी जरूरत है। वहीं सरकार के इस बाबत संकेत से कि ज्यादा इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल और फ्लेक्स–फ्यूल गाड़ियों के लिए प्रोडक्शन क्षमता बढ़ाई जा रही है,से यह पता जरूर चलता कि ई–20 आखिरी पड़ाव न हो। निश्चित रूप से इस तरह के किसी कदम के लिये जनता को विश्वास में लेने और डेटा आधारित पॉलिसी बनाने की जरूरत है। किसी नीति के लाभदायक होने के साथ ही जरूरी है लोगों को यह लगना कि उनकी चिंताओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को गुरू पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। भव्य शुभारंभ और पूजन कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि एवं



विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह द्वारा माँ सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

प्रधानाचार्य ने दीपार्चन के पश्चात गुरुवर के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। गुरु की महत्ता पर प्रकाश समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि गुरु केवल अक्षर ज्ञान देने वाला शिक्षक नहीं, बल्कि अज्ञान के अंधकार को मिटाकर जीवन को सही दिशा देने वाला पथ–प्रदर्शक होता है। हमारी संस्.ति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा माना गया है। विद्यार्थियों को प्रेरणा प्रधानाचार्य ने छात्र–छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में भी अनुशासन, आज्ञाकारिता और गुरु के प्रति .तज्ञता की भावना ही मनुष्य को सफलता के शिखर पर ले जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुओं और माता–पिता के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। सांस्.तिक प्रस्तुतियां इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने गुरु वंदना, प्रेरक गीत और विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में सभी आचार्यों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस भावपूर्ण उत्सव में वरिष्ठ आचार्य जयनारायण तिवारी, राजेश पुष्पक, संगीता चार्य, जगप्रसाद तिवारी, आदित्य, गिरीश, सुनील, रविन्द्र व विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

## - शिक्षकों की समस्याओं को प्रथम वरीयता में हल कराना प्रथम कर्तव्य : पवन कुमार

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ





जिला शाखा के निर्देशन मे विकास क्षेत्र–खैराबाद ईकाई का निर्वाचन 14 मई को सम्पन्न हुआ था जिसमे पवन कुमार सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय रस्यौरा विकास क्षेत्र–खैराबाद को 100 मतों के भारी अन्तर से विजय प्राप्त हुई थी। उसी के क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ खैराबाद की कार्यसमिति का गठन एवं नव चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शिक्षक भवन कार्यालय भगौतीपुर रोड बिजवार में सम्पन्न हुआ। जहां विकास क्षेत्र–खैराबाद के सैकड़ो शिक्षको ने उपस्थित होकर आपसी सहमति से कार्यसमिति के पदाधिकारियो का मनोनयन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन से हुई सर्वप्रथम ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कार्य समिति के संरक्षक के रूप में बृजेन्द्र प्रताप सिंह (टीपी सिंह), वन्दना दीक्षित व राजेश कुमार गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सभी शिक्षक शिक्षिकाओ ध्वनि–मत से पारित किया तदुपरान्त कार्यसमिति के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियो का मनोनयन किया गया जो इस प्रकार है। जमशेद आलम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी को मंत्री सौरभ जायसवाल को कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह यादव को संयुक्त मंत्री जीनत अंसारी को लेखाकार अनिल कुमार यादव आडीटर दिनेश कुमार शुक्ल, रश्मि शर्मा, प्रियंका चौधरी, पीर मोहम्मद, योगेश पाण्डेय, रूबीना बानो, राकेश प्रसाद, अरविन्द त्रिपाठी, विनोद कुमार वर्मा, अभिषेक मिश्र, अनुभूति सिंह एवं सगीर अहमद को उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव, हसीन फातिमा, अभिषेक मिश्र, जावेद अख्तर, सुशील कुमार गौतम, धर्मेन्द्र पाल, साबरून निशा, सरिता रानी, रूचि तिवारी, अल्का अवस्थी, फरहत इनाम व प्रतिभा को संगठन मंत्री तथा मुकेश कुमार, रीना वर्मा, प्रियासेन गुप्ता, आदित्य मौर्य, रेनू सिंह, मोहम्मद आलम, हसन जमाल रिजवी, त्रिभुवन विश्वकर्मा, अमन बाजपेई, जीतेन्द्र कुमार, सिराज अहमद व जिलेदार को प्रचार मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। इसके उपरान्त राजेश गुप्ता द्वारा सभी पदाधिकारियो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी एवं संरक्षक वन्दना दीक्षित व बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सभी पदाधिकारियो को शुभकामनाये ज्ञापित करते हुए ईमानदारी से सेवा करने का आग्रह किया गया। इसके उपरान्त ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार सिंह द्वारा सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओ एवं नव चयनित शिक्षक पदाधिकारियों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। सूक्ष्म जलपान के बाद सभा विसर्जित कर दी गयी।

# जिला अस्पताल पैथोलॉजी काउंटर पर मरीजों की भारी भीड़

## – खून जांच के लिए घंटों कतार में लगने को मजबूर

न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलती तस्वीरें एक बार फिर सामने आई हैं। अस्पताल परिसर स्थित पैथोलॉजी रजिस्ट्रेशन कक्ष में खून जांच कराने पहुंचे मरीजों को भारी अव्यवस्थाओं और लंबी कतारों का सामना करना पड़ रहा है। महिला और पुरुष काउंटर अलग–अलग होने के बावजूद पैथोलॉजी रजिस्ट्रेशन खिड़की पर सुबह से ही मरीजों और उनके परिजनों की भारी भीड़ जमा हो रही है। भीषण गर्मी और उमस के बीच घंटों लाइन में खड़े रहने से मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जांच के लिए सुबह से ही लग रही लाइन अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा खून की विभिन्न जांचें लिखे जाने के बाद मरीज सैंपल कलेक्शन और रजिस्ट्रेशन के लिए पैथोलॉजी पहुंचते हैं लेकिन काउंटर पर अत्यधिक भीड़ होने के कारण सोशल डिस्टेंसिंग और नियमों की धज्जियां उड़ती दिख रही हैं। कई मरीज जो पहले से ही अस्वस्थ हैं, उन्हें घंटों तक खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है दूर–दराज के ग्रामीण इलाकों से आए मरीजों का कहना है कि वे सुबह ही अस्पताल पहुंच जाते हैं, लेकिन पर्ची बनवाने से लेकर जांच का सैंपल देने तक हर जगह लंबी लाइन से जूझना पड़ता है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए काउंटरों की संख्या बढ़ाने और व्यवस्था में सुधार की मांग की जा रही है, ताकि गंभीर मरीजों और बुजुर्गों को राहत मिल सके।




# एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी गर्वनिंग बोर्ड की बैठक का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) गर्वनिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और बिना किसी संकोच के पूर्ण आत्मीयता के साथ अपनी बात व उन्नत खेती की सफलता के बारे में जिलाधिकारी के समक्ष अपने अनुभव साझा किये।

.षक मीरा देवी ने जैविक विधि से गेहूं की खेती करने का अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि रासायनिक खाद्यों को छोड़कर जैविक खेती अपनाने से उनकी उपज की गुणवत्ता बेहतर हुई है और उन्हें अत्यधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। .षक रघुवीर सिंह ने बताया कि वह जैविक खेती के माध्यम से विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन कर रहे हैं, साथ ही वह .षि उत्पादों का मूल संवर्धन कर हल्दी का अचार और गन्ने का सिरका जैसे उत्पाद तैयार कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि मैं पहले केवल पारंपरिक खाद्यान्न फसले उगाता था, जिससे बहुत कम मुनाफा होता था और परिवार की आय पर्याप्त नहीं हो पाती थी, परंतु आज स्थिति यह है कि जैविक खेती और प्रसंस्करण से न केवल अच्छी बचत हो रही है, बल्कि परिवार का पालन–पोषण भी सुचारू रूप से हो रहा है। उपनिदेशक .षि ने आत्मा के बारे में विस्तार से जिलाधिकारी को बताते हुए कहा कि यह जिला स्तर पर .षि प्रसार को मजबूत करने वाली प्रमुख संस्था है, इसका मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों तक .षि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसी विभिन्न गतिविधियों की नवीनतम तकनीकी प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं को सीधे पहुंचना है। आत्मा गर्वनिंग बोर्ड के माध्यम से किसानों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जाता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और टिकाऊ खेती को प्रोत्साहन मिलता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जैविक खेती को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान जैविक खेती की तरफ अग्रसर हो सकें, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि आज आवश्यकता है कि किसानों को आधुनिक .षि तकनीक एवं नए अनुसंधानों से निरंतर जोड़ा जाए, साथ ही साथ प्रगतिशील किसानों द्वारा की जा रही उन्नत खेती वह प्रचार–प्रसार भी कराया जाए, जिसमें अन्य किसान भी प्रोत्साहित हो सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि०/रा० कल्पना जायसवाल, उपनिदेशक .षि सत्येंद्र सिंह, जिला .षि अधिकारी सुमित चौहान सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।




# गुरु पूर्णिमा पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया पूजन

## - पीठाधीश्वर स्वामी सुबोधानंद जी महाराज का सदर विधायक ने किया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने शहर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री कालीबाड़ी मंदिर पहुंचकर विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर प्रदेश एवं जनपदवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कालीबाड़ी मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी सुबोधानंद जी महाराज का माल्यार्पण कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्.ति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही अपने ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और .तज्ञता व्यक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। भजन–कीर्तन, पूजन–अर्चन और गुरु वंदना के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन में सद्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति जीवन में सफलता, संस्कार और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सभी से समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना, आशीर्वचन एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, शिष्यगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व सापट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

## संक्षिप्त समाचार

### सपा कार्यालय में भगवान दक्ष प्रजापति की मनाई जन्म जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा में भगवान ब्रह्मा जी के मानस पुत्र भगवान दक्ष प्रजापति की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव




रामलाल प्रजापति और अध्यक्षता नि. जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधुसूदन कुशवाहा ने की रामलाल प्रजापति ने अपने उद्घोषणा में भगवान दक्ष को सृष्टि का रचनाकार बताया और उन्होंने पूरे सृष्टि को सही तरीके से जीवन जीने की कला के विषय में बताया। सभी कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरण किया गया। पार्टी के जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी उमेश यादव, राष्ट्रीय सचिव यूवजन सभा ओम नारायण त्रिपाठी विदित, छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद गुप्ता राजा, कमल पाल, सुमन दिवाकर, नासिर खान, कुंवर यादव, सुनील कुशवाहा, आरके समुद्र, रोहित प्रजापति, रामसागर यादव, अवध बिहारी यादव, किशन यादव, सीपी प्रजापति, विशंभर प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, प्रेम प्रजापति, अतुल प्रजापति, अजय प्रजापति, विनय प्रजापति, दिनेश प्रजापति, सागर प्रजापति, अनुपम लोहवंशी, नंद किशोर यादव आदि बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा ने दी।

### यज्ञ में बच्चों के विवाद के बाद खूनी संघर्ष

**–दर्जनभर हथियारबंद दबंगो नें जानलेवा हमला कर 8 लोगों को किया घायल**

**–दो गंभीर घायल 12 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज़**

संवाददाता सरीला(हमीरपुर)– जरिया थाना क्षेत्र के पहरा गांव स्थित सिद्ध बाबा आश्रम मंदिर में चल रहे यज्ञ के दौरान मंगलवार शाम बच्चों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दर्जनभर लोग लाठी–डंडों और धारदार हथियारों के साथ पहुंचे और यज्ञ समिति के सदस्यों पर हमला कर दिया। मारपीट में आठ लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो युवकों को उरई मेडिकल कॉलेज से बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। पुलिस ने छह नामजद समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में 22 जुलाई से यज्ञ चल रहा था। मंगलवार को पूर्णाहुति के बाद भंडारे की तैयारी की जा रही थी, जबकि बुधवार को कन्या भोज होना था। इसी दौरान मंदिर परिसर में बच्चों के बीच कहासुनी हो गई। शिकायतकर्ता पक्ष का आरोप है कि विवाद के कुछ देर बाद गांव के नीलू उर्फ़ नीलेश जो कि हिस्ट्रीशीटर है और बिच्छू गैंग से जुड़ा हुआ है, अरविंद, विक्रम , राहुल, मंगल, नवल समेत छह अन्य लोग मौके पर पहुंचे और यज्ञ समिति के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी।घटना में कमल, पवन, राहुल, आकाश, उदयभान, कपिल, प्रदीप और नरेश घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय कमल को उरई मेडिकल कॉलेज से झांसी रेफर किया गया, जबकि 27 वर्षीय पवन का उपचार उरई मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण जरिया थाने पहुंचे और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस के अनुसार, पहरा गांव निवासी अशोक पुत्र रामकृपाल की तहरीर पर अरविंद, विक्रम, नीलू, राहुल, मंगल और नवल समेत छह नामजद तथा छह अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।जरिया थाना पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन चेकिंग में पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

**– चोरी की मोटरसाइकिल व फर्जी नंबर प्लेट बरामद**

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक शातिर वाहन चोर को गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर आई–स्मार्ट मोटरसाइकिल और उसकी पहचान छिपाने के लिए लगाई गई फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अभियान के तहत कर्मीपुर मोड़ पर चल रही वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की गई। जांच में बाइक चोरी की निकली। गिरतार आरोपी की पहचान राम सिंह उर्फ ननू यादव पुत्र बाबूदेव यादव, निवासी ग्राम देवरा, थाना सुल्तानपुर घोष के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बाइक पर दूसरी मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट लगाकर पहचान छिपाने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर टीबी सिंह का कहना है कि जनपद में वाहन चोरों और अन्य अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# हजारी महादेव मंदिर का डीएम ने किया निरीक्षण

## – त्योहार को लेकर तैयारियों का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी त्यौहारों एवं धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सरसई नावर स्थित हजारी महादेव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की



चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी बैरिकेडिंग एवं सुव्यवस्थित लाइन प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई की विशेष व्यवस्था करने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं जनरेटर की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, मोबाइल शौचालय, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस एवं फर्स्ट–एड किट की 24 घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए चिन्हित स्थानों पर ही वाहनों की पार्किंग कराने तथा रूट डायवर्जन प्लान का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन के दिशा–निर्देशों का पालन करें, शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार तथा मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ओडीओपी योजना से विमला देवी के हुनर को मिला नया आयाम

## - कांच के मोतियों से बुना सफलता का नया अध्याय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार की एक जनपद एक उत्पाद योजना ने विमला देवी की जिंदगी में सफलता का नया उजाला भर दिया, कभी आर्थिक तंगी और संसाधनों के अभाव से जूझ रहा उनका कांच के मोतियों का व्यवसाय आज शासन की प्रोत्साहनकारी नीतियों के बल पर प्रगति के पद पर उत्तरोत्तर उन्नति कर रहा है। विमला देवी जो शिकोहाबाद की रहने वाली है, उनकी यह कहानी संघर्ष, संयम, श्रम और हुनर का एक बेहतरीन उदाहरण है, विमला देवी और उनका परिवार लंबे समय से कांच के मोतियों के निर्माण के कार्य से जुड़ा था, हुनर और मेहनत में कोई कमी नहीं थी, परंतु पूंजी की अभाव में काम अक्सर रुक जाता था और व्यवसाय को निरंतरता के साथ चला पाना असंभव लग रहा था, परंतु तभी विमला देवी को सरकार की महत्वपूर्ण एक जनपद–एक उत्पाद योजना के विषय में जानकारी मिली, एक जनपद–एक उत्पाद योजना विमला देवी के परिवार के लिए वरदान साबित हुआ, योजना के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से उन्हें आठ लाख की सब्सिडी (वित्तीय सहायता और ऋण प्रोत्साहन) प्राप्त हुआ, इस आर्थिक संबल ने उनके ठप्प पड़ रहे काम में नई जान फूंक दी। वित्तीय मदद मिलने के बाद विमला देवी ने अपने गृह उद्योग को नए सिरे से स्थापित किया, व्यवसाय में पति–पत्नी दोनों ने मिलकर कठोर श्रम किया, विमला देवी जहां घर पर निर्माण और उत्पादन की देखरेख करती हैं, वहीं उनके पति बाजार में विपणन और आपूर्ति का जिम्मा संभालते हैं, इस व्यवसाय से होने वाली बेहतर आय की बदौलत आज उनका परिवार न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है, बल्कि वह अपने तीनों बच्चों को निर्वाद्ध रूप से अच्छी शिक्षा प्रदान कर पा रहे हैं। विमला देवी का कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की दूरगामी सोच और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिले के छोटे उद्यमियों को सही दिशा और संबल मिल रहा है, यदि सरकार का यह सहयोग न मिलता तो हुनर होते हुए भी वह इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाते। विमला देवी आगे कहती है कि शासन की इस योजना में हम जैसे छोटे दस्तकारों को अपने पांव पर खड़ा होने का मौका दिया है, हमारे जैसे जो भी नागरिक अपने हुनर को पहचान कर आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके लिए यह योजना एक बेहतरीन मंच है। विमला देवी की सफलता यह साबित करती है कि यदि हुनर को सही नीति और प्रशासनिक सहयोग मिल जाए तो संघर्ष को सफलता में बदलने में देर नहीं लगती।




# हर बच्चे को मिलेगा निःशुल्क कानूनी संरक्षण

## – बाल–अनुकूल विधिक सहायता योजना 2024 लागू

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लागू चाइल्ड–फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रेन स्कीम, 2024 के तहत अब प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क, सुलभ, सुरक्षित एवं बाल–अनुकूल विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा अपने संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों से वंचित न रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि यह योजना 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों के लिए लागू है। इसके अंतर्गत विधि के उल्लंघन का आरोप झेल रहे बालक, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे, बालश्रम, मानव तस्करी, दुर्व्यवहार, लैंगिक हिंसा, बाल विवाह, दिव्यांग, अनाथ, परित्यक्त, गुमशुदा तथा अन्य कमजोर एवं संवेदनशील परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रशिक्षित पैनल अधिवक्ताओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैरा–लीगल वॉलंटियर्स तथा अन्य प्रशिक्षित विधिक कर्मियों के माध्यम से बच्चों को न्यायालयीन कार्यवाही के प्रत्येक चरण में सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त बच्चों को आवश्यक कानूनी परामर्श, पुनर्वास, मुआवजा दिलाने, सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा जरूरत पड़ने पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने की भी व्यवस्था की गई है। प्रभारी सचिव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समितियां, फ्रंट ऑफिस, पुलिस थाने, बाल न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, बाल देखरेख संस्थाएं, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक पात्र बच्चे को समयबद्ध और प्रभावी विधिक सहायता प्राप्त हो। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी बच्चे को विधिक सहायता, संरक्षण अथवा उसके अधिकारों से संबंधित किसी प्रकार की आवश्यकता हो तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपने निकटतम तालुका विधिक सेवा समिति, विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर सकते हैं। जीवक कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के लिए विधिक सहायता कोई सुविधा नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक एवं कानूनी अधिकार है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रत्येक बच्चे के न्याय, सुरक्षा, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# कलवा-मुंब्रा वन विभाग रबाले की संरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण का मामला

## - अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

ठाणे। कलवा–मुंब्रा वन विभाग के अंतर्गत रबाले




एमआईडीसी क्षेत्र की संरक्षित वन भूमि (सर्वे नंबर 139) पर कथित अवैध कब्जे और गवालिदेव लॉज के निर्माण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की शिकायत के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। शिकायत के आधार पर न्यूज वाणी समाचार पत्र के महाराष्ट्र ब्यूरो चीफ सैयद समीर हुसैन ने गोटेघर वन विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी मांगी। आरोप है कि अधिकारियों ने स्पष्ट जवाब देने के बजाय यह कहा कि गवालिदेव लॉज वन विभाग की भूमि पर है पर वो संरक्षित सर्वे नम्बर 139 की भूमि गोटे घर वन कार्यालय के अंतरगत नहीं आती है। वो भूमि सखाराम राठौर के क्षेत्र में आती है, और यही बात गोटेघर वन विभाग के कार्यालय में मौजूद अधिकारियों ने कही, तो अब सवाल ये उठता है के आखिर रबाले एमआईडीसी की वन विभाग की संरक्षित भूमि सर्वे नम्बर 139 किस वन विभाग कार्यालय के अंतर्गत आती है। हालांकि, इसके बाद न्यूज वाणी की टीम द्वारा की गई जांच में कथित रूप से यह सामने आया कि संबंधित भूमि रिजर्व फॉरेस्ट के सर्वे नंबर 139 में आती है। यदि यह दावा सही है, तो सवाल उठता है कि वन विभाग के अधिकारियों ने पहले इससे इनकार क्यों किया। मामले में ठाणे के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर (आरएफओ) नरेंद्र मूठे की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि संरक्षित वन भूमि पर अवैध निर्माण हुआ है,तो क्या इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को नहीं थी, या फिर जानबूझ कर कार्रवाई करने में लापरवाही बरती गई। अब लोगों की नजर वन विभाग की आगामी कार्रवाई पर है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि कथित अवैध निर्माण के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाती है या नहीं। देखना ये भी होगा के ये अवैध निर्माण किस अधिकारी के नेतृत में हुआ, क्या संबंधित अधिकारी पर कारवाही होगी या अधिकारियों को बचाने के लिए सिर्फ लीपापोती होगी। जल्द ही समाजसेवक मुख्तार अंसारी इस मामले को लेकर महाराष्ट्र वन मंत्री गणेश नाइक को ज्ञापन देंगे।

# बीआरसी खैराबाद में ब्लॉक स्तरीय शिक्षकों की मासिक बैठक संपन्न

## – कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण और समय से पूरा करें : प्रियांशी सक्सेना

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। ब्लॉक स्तरीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक स्थानीय बीआरसी में खंड शिक्षा अधिकारी प्रियांशी सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें ब्लॉक के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अपने सभी कार्यों को प्रथम वरीयता में किया करें ताकि किसी भी प्रकार की कोई पेंडिंग न रहने पाए वर्तमान समय में जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश फॉर्म भरने के लिए सभी से युद्ध स्तर पर कार्य करने को कहा तथा विभागीय निर्देशों के अनुसार अपने समस्त कार्य शीघ्र पूरे करें। प्रत्येक




विद्यालय में अच्छे से रंगाई पुताई होनी चाहिए। कक्षा कक्ष में ग्रीन बोर्ड मानक के अनुसार लगे होना चाहिए। समय का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न की जाएगी। इसके बाद एआरपी आशुतोष कुमार और संजीव पटेरिया ने मीटिंग एजेंडा के प्रत्येक बिंदु को साझा किया जबकि एआरपी पूनम बाजपेई और शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने चर्चा किया। जिलाधिकारी द्वारा जारी इक्कीस बिंदु की एसओपी पर भी विस्तार से समझाया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में समाचार पत्र को आवश्यक रूप से मंगवाया जाए और बच्चों को पढ़ने के लिए दिया जाए जिससे उनकी पठन पाठन क्रिया में सुधार हो सके, निपुण आंकलन प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में आवश्यक रूप से पूर्ण कर लेना चाहिए। विद्यालयों में प्रत्येक माह में अधिक उपस्थिति वाले बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों का भी सम्मान किया जाए। ज्ञात रहे कि इस बार बैठक दो दिवस में सम्पन्न हुई पहले दिन पांच संकुल और आज पांच संकुलों को आमंत्रित किया गया था। इन दोनों दिवसों में पूर्व माध्यमिक जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ खैराबाद अध्यक्ष नरेश मिश्रा मंत्री जहीर आलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन सिद्दीकी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, मंत्री अमित त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। इसके अलावा बीआरसी स्टाफ में पंकज कुमार रावत, बृजेश दीक्षित, सुधीर कुमार, मनीष पाल, प्रमोद यादव, सिराज अहमद, रमेश रस्तोगी, संतोष त्रिवेदी, अदीब अंसारी, संजय कुमार आदि ने सभी कार्यों में सहयोग किया।

# संत रविदास के विचार समरस व सशक्त भारत का मार्गदर्शन : रामकिशोर

## - रविदास की रचनाएं मानवता और आपसी प्रेम का देती हैं सन्देश

## - भाजपा का समरसता संकल्प अभियान 20 अगस्त तक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। भाजपा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650 वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में 20 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में भाजपा जिला कार्यालय में समरसता संकल्प अभियान कार्यशाला जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र रामकिशोर साहू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए सभी पदाधिकारियों से जिम्मेदारी के साथ इस कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास के विचारों से केवल इतिहास की धरोहर नहीं वल्कि समरस और सशक्त भारत का मार्गदर्शन है। उनकी रचनाएं और शिक्षा में जात पांत का भेदभाव मिटाकर मानवता और आपसी प्रेम का सन्देश देती हैं। उन्होंने सन्देश दिया था कि किसी की पूजा सिर्फ इसलिए न करें कि वह किसी बड़े व पूज्यनीय पद पर बैठा है वल्कि जो व्यक्ति ऊँचे पद पर नहीं है वल्कि उसके गुण अच्छे हैं तो उसकी पूजा अवश्य करें। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि रविदास जी ने समाज में फैली छुआछूत और जात पांत की भावनाओं का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने आज से 20 अगस्त 2027 तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आज सभी मठ मंदिरों व् गुरुद्वारों में पुजारियों व पीठाधीश्वर एवं धर्मचार्यों को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कल से कलश यात्रा, छात्रावास संपर्क कार्यक्रम, सेवा बस्तियों में गोष्ठीयाँ, सामाजिक समरसता कार्यक्रम, प्रतियोगितायें, जन जागरण अभियान के अलावा संत रविदास के जीवन एवं विचारों पर चर्चाएं होंगी। कार्यशाला में विधायक नरैनी ओममणि वर्मा, पूर्व विधायक राजकरन कबीर, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, संतोष गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, अजय पटेल अजय प्रताप सिंह, निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, रामभवन उपाध्याय, उत्तम सक्सेना, अमित सेठ भोलू, वन्दना गुप्ता, रूपा चौहान, दुर्गा चौरसिया, विवेकानंद गुप्ता, संतोष नायक, प्रभा गुप्ता, दिलीप तिवारी, पंकज रायकवार, प्रेमनारायण पटेल, सुधीर कुशवाहा, मन फूल पटेल आदि मौजूद रहे।




# जेई व एसडीओ तो निकले बड़े खिलाड़ी, पुरानी नाली पर चढ़ा दिया रंग

## – टूटी नाली पर पुताई, ड्रोन से फोटो और कागजों में विकास

## – नलकूप विभाग पर सरकारी धन के दुरुपयोग के गंभीर आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। नलकूप विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। तहसील क्षेत्र की भरसना ग्राम सभा स्थित नलकूप संख्या 50 डीजी पर किसानों ने आरोप लगाया है कि नई नाली बनाने के बजाय पुरानी और जर्जर नाली की सिर्फ पुताई कराकर ड्रोन से फोटो खिंचवा ली गई, जिससे कागजों में काम पूरा दिखाया जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि अवर अभियंता सुभाष चंद्र मौर्य और एसडीओ अजय कुमार प्रजापति की मौजूदगी में नाली की वास्तविक मरम्मत या निर्माण कराने के बजाय खानापूर्ति की गई। सवाल यह है कि यदि नाली टूटी हुई है तो आखिर किस आधार पर सरकारी धन खर्च होने और कार्य पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है? विरोध करने पर किसानों से कथित अभद्रता मामले का विरोध करते हुए जब किसानों ने नाली का निर्माण कराने की मांग की तो कथित तौर पर जेई भड़क गए।



ग्रामीणों के अनुसार बातचीत के दौरान किसानों के साथ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया और कथित तौर पर इस बार किसान मरेंगे जैसे शब्द भी कहे गए। किसानों द्वारा यह सवाल उठाए जाने पर कि सिंचाई व्यवस्था के लिए पैसा सरकार दे रही है, वायरल वीडियो में अधिकारी द्वारा सरकार को लेकर कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। ड्रोन फोटो ने बढ़ाए सवाल ग्रामीणों का सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि मौके पर नाली टूटी और जर्जर है तो सिर्फ पुताई कराकर ड्रोन से फोटो खिंचवाने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या ड्रोन फोटो के सहारे अधिकारियों और शासन को जमीनी हकीकत से गुमराह कर कागजों में विकास दिखाने की कोशिश की गई? घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नलकूप विभाग की कार्यशैली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, सरकारी धन के खर्च का सत्यापन और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# ऑटो-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में बुजुर्ग की मौत, पांच घायल

## –दो को डॉक्टर ने किया कानपुर किया रिफर

संवाददाता मौदहा(हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के बिवांर रोड पर सिलौली गांव के पास मंगलवार को ऑटो और बाइक की आमने–सामने टक्कर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, मौदहा से बिवांर की ओर जा रहे ऑटो की सिलौली गांव के पास सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें सवार लोग उसके नीचे दब गए। हादसे में गूढ़ा गांव निवासी श्यामलाल (68) पुत्र दर्शन, करहिया निवासी रमजानी (28) पुत्र शेरखान, सिलौली निवासी कल्लू (17) पुत्र रामप्रकाश, स्वदेश (32) पुत्र रामनारायण, कम्हरिया निवासी शाहीन बानो (35) पत्नी निजामुद्दीन तथा खंडेह निवासी राजू (35) पुत्र कामता घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा ले जाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने श्यामलाल और रमजानी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में श्यामलाल ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी उजयारी और पुत्र संजय को छोड़ गए हैं। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मृतक के पुत्र की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# स्वास्थ्य शिविर आज

संवाददाता कुरारा(हमीरपुर) विकास खंड क्षेत्र के भैंसापाली गांव के पंचायत भवन में गुरुवार को डॉ.बीएस कुशवाह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रामा अस्पताल लखनपुर कानपुर के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।इसमें बाह रोगियों की सामान्य निशुल्क जांच व चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा। शिविर का शुभारंभ गुरुवार को 11 बजे से अपरान्ह दो बजे तक किया जाएगा। क्षेत्र के लोग समय से जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराकर परामर्श ले सकते है।उक्त जानकारी ग्राम प्रधान किरन देवी ने दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने प्रशिक्षण केन्द्र का किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना अन्तर्गत श्यामता प्रसाद इण्टर कालेज में संचालित होने वाले प्रशिक्षण केन्द्र का मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। कौशल विकास मिशन विभाग की जिला समन्वयक स्मृति शर्मा एवं जिला प्रबन्धक रवि पाठक सहित शिक्षण संस्थान के शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



प्रशिक्षण केन्द्र के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी द्वारा मौजूद प्रशिक्षणार्थियों को पाढ्यक्रम से सम्बन्धित निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी ने प्रशिक्षणार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने की सीख दी।

### शिकायत वापस लेने का दबाव, एसपी से एफआईआर की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। रुपईडीहा क्षेत्र में कथित रूप से कार से कुचलने के प्रयास, मारपीट और बाद में शिकायत वापस लेने के लिए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बाबागंज निवासी एवं सिविल कोर्ट बहराइच के अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार 29 जुलाई की सुबह बाबागंज मस्जिद के पास उनके भाई मोहम्मद आमीन पर तेज रतार कार चालक ने कथित रूप से वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। बचने के बाद जब उन्होंने वाहन का पीछा किया तो रुपईडीहा टैक्सी स्टैंड पर चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना की लिखित शिकायत थाना रुपईडीहा में देने के बाद एक व्यक्ति ने फोन कर धमकी दी कि यदि पुलिस मौके पर न पहुंचती तो उसके भाई की लाश उठानी पड़ती। वहीं करीब एक घंटे बाद जब अधिवक्ता कचहरी जा रहे थे, तब बसभरिया मोड़ (कलवारी) के पास कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी रोककर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया और ऐसा न करने पर जान से मरवाने तथा फर्जी मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने तथा स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### 18.78 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो



दुर्गावती (कैमूर)। दुर्गावती थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मरहिया मोड़ के पास एक काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर–45टी/ 2839) पर सवार दो युवकों को 18.78 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरतार किया है। गिरतार अभियुक्तों की पहचान रवि सिंह उर्फ अनुज सिंह (20 वर्ष), पिता बबलू सिंह तथा इरफान अंसारी उर्फ इरफान नाई (20 वर्ष), पिता निजामुद्दीन नाई के रूप में हुई है। दोनों कैमूर जिले के ग्राम बगाड़ी, थाना रामगढ़ के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों के कब्जे से कुल 18.78 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। पुलिस द्वारा दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बेतवा पुल पर डंपर की टक्कर से एआरटीओ के सेवानिवृत्त अकाउंटेंट की दर्दनाक मौत, साथी कर्मचारी घायल

संवाददाता हमीरपुर। कानपुर–सागर हाईवे पर बेतवा नदी के पुल पर बुधवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एआरटीओ विभाग के सेवानिवृत्त अकाउंटेंट की मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक चला रहे विभाग के एक अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारी घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।जानकारी के अनुसार, बांदा निवासी 74 वर्षीय मंजूर अहमद एआरटीओ विभाग से अकाउंटेंट पद से सेवानिवृत्त थे। विभाग में कर्मचारियों की कमी के चलते उनसे समय–समय पर कार्यालयीन कार्यों में सहयोग लिया जाता था। बुधवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह विभाग के ही सेवानिवृत्त कर्मचारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के साथ बाइक से एआरटीओ कार्यालय से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे।इसी दौरान बेतवा नदी के पुल पर पीछे से आए एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के पीछे बैठे मंजूर अहमद सड़क पर सिर के बल गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे ब्रजेश कुमार त्रिपाठी भी घायल हो गए।घटना के बाद दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मंजूर अहमद को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल ब्रजेश कुमार का उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में एआरटीओ विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार डंपर और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# सीएम युवा उधमी योजना ने संवारी मनीष कुमार की जिंदगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जीवन में संकटों का पहाड़ जब टूटता है, तब .ढ़ इच्छा शक्ति और सही शासकीय सहायता ही व्यक्ति को नए सिरे से खड़ा करती है, कुछ ऐसी ही कहानी है मनीष कुमार की बेहद कम उम्र में माता–पिता का सिर से साया उठ जाने और भाइयों का साथ छूट जाने के बाद भी मनीष ने हिम्मत नहीं हारी, विपरीत परिस्थितियों में खुद को संभालते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का सहारा लिया और आज वह सफल युवा व्यावसायिक के रूप में सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं और अन्य युवाओं को भी प्रेरित और प्रोत्साहित कर रहे हैं। मनीष के जीवन में दुखों का सिलसिला तब शुरू हुआ, जब 2015 में उनके पिता और 2016 में उनकी माता का निधन हो गया, उनके ऊपर से परिवार का संबल टूट गया और भाइयों ने भी अपनी राय अलग कर ली, अकेले पड़े मनीष के पास न तो पढ़ाई जारी रखने का रास्ता बचा था और न ही कोई .ढ़ आय का साधन, परंतु अपने स्वामित्व की थोड़ी सी भूमि पर उन्होंने हार न मानते हुए स्वयं का एक छोटा सा फैमिली ढाबा शुरू करने का निर्णय लिया, शुरुआत में संसाधानों की कमी के कारण व्यवसाय को गति देना काफी कठिन था, ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार आवश्यक उपकरण (फ्रिज, फ्रीजर) न होने से सामान जल्दी खराब हो जाता था और ढाबे के लिए राशन भी दैनिक आधार पर थोड़ा–थोड़ा खरीदना पड़ता था। ऐसे समय में माननीय मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना मनीष के लिए वरदान साबित हुई, इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने पर उन्हें बैंक के माध्यम से रू0 पांच लाख का ऋण प्राप्त हुआ, इस आर्थिक संभल से उनके व्यवसाय का पूरा परि.श्य ही बदल दिया, अब मनीष ने इस राशि से ढाबे के लिए फ्रिज खरीदा, जिसमें ठंडा पानी और मक्खन जैसी जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं का



उचित भंडारण संभव हो सका, ढाबे पर डाइनिंग टेबल, कुर्सियां और नए बर्तन बढ़ाए गए, जिससे ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं मिलने लगी, अब वह कच्चा माल थोक में खरीद कर स्टोर कर लेते हैं, जिससे रोज–रोज की भाग दौड़ से मुक्ति मिली और थोक के सामान लेने से लागत में भी बचत होने लगी। आज मनीष का फैमिली ढाबा सुचारू रूप से संचालित हो रहा है, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर वह न केवल अपने दैनिक आजीविका सम्मानजनक ढंग से चला रहे हैं, बल्कि अन्य युवाओं के लिए स्वावलंबन और उधमशीलता की नई मिसाल पेश कर रहे हैं। अपनी सफलता से उत्साहित मनीष कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का कोटि–कोटि आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना ने मुझे नया जीवन और संबल प्रदान किया है, इस योजना के माध्यम से मुझे न केवल आर्थिक सहायता मिली, बल्कि एक सफल उद्यमी बनने की राह भी आसान हुई, मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं, जिनकी नीतियों और कुशल मार्गदर्शन के कारण मुझ जैसे असहाय युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं।

## बुधवार को बाजारों में मांगुर मछली की बिक्री चरम पर

### – प्रशासन से सघन जांच की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

नवाबगंज, बहराइच। क्षेत्र के बाजार में बुधवार को मांगुर मछली की बिक्री अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक होती है। सुबह से लेकर देर शाम तक कई स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग मांगुर मछली



खरीदते दिखाई देते हैं। इससे बाजारों में काफी भीड़ भी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कहीं प्रतिबंधित प्रजाति की मांगुर मछली बेची जा रही है, तो संबंधित विभाग को इसकी नियमित जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि मत्स्य विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बाजारों का निरीक्षण करें, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। नागरिकों का कहना है कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और कानून का पालन दोनों महत्वपूर्ण हैं। यदि सभी विक्रेता नियमानुसार कारोबार कर रहे हैं तो इससे लोगों का विश्वास भी बढ़ेगा, वहीं नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बुधवार सहित अन्य दिनों में भी नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की है, जिससे अवैध बिक्री पर रोक लग सके और बाजार व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर दुधारू भैंस की मौत

## – पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण कस्बे में आए दिन हादसे सामने



आ रहे हैं। ताजा मामला थाना खीरी क्षेत्र के मोहल्ला बुखारी टोला का है, जहाँ लटकते हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक दुधारू भैंस की मौके पर ही तड़प–तड़पकर मौत हो गई। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत थाना प्रभारी खीरी को देकर कानूनी व उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

अरनी खाना निवासी मो० आलम पुत्र बापू पशुपालक एवं दुग्ध व्यापारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 29 जुलाई को दोपहर लगभग तीन बजे उनका भाई महफूज मवेशियों को चराने के लिए बुखारी टोला के पास ले गया था। करीब आधा घंटा चराने के बाद जब वह मवेशियों को दूसरी जगह ले जाने लगा, तभी ऑक्सीजन गैस प्लांट के पास लगे ट्रांसफॉर्मर के नीचे झूल रहे हाईटेंशन तार ने उनकी भैंस को अपनी चपेट में ले लिया। करंट इतना तेज था कि भैंस तार से चिपक गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पशुपालक मो० आलम ने बताया कि उन्होंने महज तीन महीने पहले ही 93,000 रुपये में यह भैंस खरीदी थी। वह दूध का व्यापार कर अपने परिवार का गुजर–बसर करते हैं। भैंस की मौत से उन्हें बड़ा आर्थिक झटका लगा है और रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ऑक्सीजन गैस प्लांट के पास स्थित इस ट्रांसफॉर्मर और लटकते तारों को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। इसी लापरवाह तरीके से लगे तार की वजह से पहले भी कई बेजुबान जानवर अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर बिजली विभाग की लापरवाही पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उन्हें आर्थिक मुआवजा दिलाया जाए।

## 32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अब 15 अगस्त तक करें रजिस्ट्रेशन

न्यूज वाणी ब्यूरो




फिरोजाबाद। भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में रजिस्ट्रेशन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय द्वारा जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि इसमें ऑनलाइन पोर्टल पर अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन कराकर उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 जुलाई थी, जिसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा बढ़ाकर 15 अगस्त कर दिया गया है। इसका मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टैंबिलिटी है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे दो वर्ग जूनियर तथा सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करते हैं। प्रतिभागियों को अपना रजिस्ट्रेशन निर्गत लिंक ीजजचेरू ध्द–बेब.पदध भरना होगा। उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के अधिक से अधिक प्रतिभागियों को इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में रजिस्ट्रेशन एवं प्रतिभाग कराकर उनकी शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि करने में सहयोग करें।

# गुरु पूर्णिमा पर शाहबाद के ढाकुरिया घाट पर उमड़ा जनसैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाया गंगा में डुबकी

संवाददाता शाहबाद। (रामपुर) गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शाहबाद के ढाकुरिया घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में आस्था की पवित्र डुबकी लगाई और पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की।सुरक्षा और कानून व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त रखने के लिए सीओ देवकीनंदन और कोतवाल रणवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ घाट पर मुस्तैद रहे। अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए पूरे मेला परिसर का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिससे स्नान पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# सूफा हाइट्स विवाद: मुख्तार अंसारी ने हाईकोर्ट जाने का किया ऐलान, आरटीआई और नगर निगम नोटिसों का दिया हवाला

सैयद समीर हुसैन
संवाददाता

ठाणे, प्रतिनिधि। दिवा क्षेत्र के अचार गली स्थित सूफा हाइट्स (कॉम्प्लेक्स) को लेकर विवाद एक बार फिर तेज़ हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ता मुख्तार शोहराब अंसारी ने दावा किया है कि उन्होंने हाल ही में इस भवन के कथित अवैध निर्माण के संबंध में ठाणे महानगरपालिका में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। मुख्तार अंसारी ने कहा कि यदि महानगरपालिका समय रहते कार्रवाई नहीं करती है तो वह उपलब्ध सरकारी दस्तावेजों और सूचना का अधिकार (त्ज्प्) के तहत प्राप्त जानकारी के आधार पर बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। इसके लिए वो अपने दस्तावेजों के साथ उच्च्य न्यायालय तक जाने में कोई संकोच नहीं करेंगे,उनका कहना है कि उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि भवन में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने हाल के भवन हादसों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुंब्रा की चांदनी अपार्टमेंट, तथा कुछ दिन पहले फैयाज़ अपार्टमेंट में बालकनी और बीम गिरने की घटना, जिसमें 14 वर्षीय असीमा खान की मृत्यु हुई, यह दर्शाती है कि असुरक्षित इमारतों के मामलों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। हालांकि इन घटनाओं का सूफा हाइट्स से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित नहीं किया गया है। सरकारी दस्तावेजों में क्या है? सूचना का अधिकार (त्ज्प्) के तहत प्राप्त अभिलेखों और उपलब्ध महानगरपालिका नोटिसों के अनुसार, दिवा के शील–डाईघर गांव स्थित सर्वे नंबर 120 पर निर्मित सूफा हाइट्स के संबंध में ठाणे महानगरपालिका ने वर्ष 2022 में कार्रवाई शुरू की थी। दस्तावेजों के अनुसार, निरीक्षण के दौरान यह उल्लेख किया गया कि भवन




का निर्माण स्वीकृत नक्शे, कमेंसमेंट सर्टिफिकेट (ब्वउउमदबमउमदज ब्मतजपपिबंजम) तथा आवश्यक अनुमति के बिना किया गया। इसके आधार पर 18 मार्च 2022 को महाराष्ट्र के ठाणे महानगरपालिका अधिनियम की धारा 267 तथा 21 मार्च 2022 को धारा 260 के तहत निर्माणकर्ता मोहम्मद अनीस मोहम्मद यूनुस शेख को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद मुंबई प्रांतीय महानगरपालिका अधिनियम, 1949 की धारा 268 के अंतर्गत भवन के निवासियों एवं भोगवटाधारकों को भी नोटिस जारी कर बिना ऑक्यूपेंसी/यूज़ परमिशन के भवन के उपयोग पर आपत्ति जताई गई थी। नोटिस में निर्धारित अवधि के भीतर भवन खाली करने तथा आदेश का पालन न होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। वहीं 7 जुलाई 2023 को दिवा प्रभाग समिति के जलापूर्ति विभाग द्वारा जारी पत्र में माननीय बॉम्बे हाईकोर्ट की रिट याचिका क्रमांक 111/2021 के आदेश का हवाला देते हुए वर्ष 2015 के बाद बने अनधिकृत भवनों के जल कनेक्शन काटने की कार्रवाई का उल्लेख किया गया था। त्ज्प् में मांगे गए दस्तावेज़ मुख्तार शोहराब अंसारी ने त्ज्प् के माध्यम से सूफा हाइट्स से संबंधित कमेंसमेंट सर्टिफिकेट एवं अन्य स्वीकृत दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां मांगी थीं। महानगरपालिका ने अपने उत्तर में कहा कि संबंधित अभिलेख कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं तथा निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद उनकी प्रमाणित प्रतियां प्राप्त की जा सकती हैं। शिकायत में लगाए गए आरोप मुख्तार अंसारी द्वारा पूर्व में दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया था कि भवन का निर्माण बिना वैध अनुमति के किया गया, निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग हुआ तथा इससे लोगों की जान को खतरा हो सकता है। शिकायत में उन्हें धमकियां मिलने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग का भी उल्लेख किया गया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित निर्माणकर्ता या अन्य पक्ष का आधिकारिक जवाब इस समाचार के प्रकाशन तक उपलब्ध नहीं हो सका है। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। मुख्तार अंसारी ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वह उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर जल्द ही बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उनका कहना है कि जहां–जहां कथित अवैध निर्माण की जानकारी मिलेगी, वहां कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से कार्रवाई कराने का प्रयास किया जाएगा।

# महिलाओं व बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध रोकने को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर जागरूकता एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और बाल संरक्षण से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों को साइबर अपराधों की पहचान, जांच और कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी गई। साइबर क्राइम टीम ने बैठक में ओसीडब्ल्यूसी, एनसीएमईसी, साइबर ट्रिपलाइन एवं सीएसईएएम से संबंधित विषयों पर प्रस्तुति दी। एएसपी शिवराज के द्वारा अधिकारियों को बताया गया कि .त्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से तैयार की जा रही फर्जी फोटो और वीडियो, महिलाओं एवं बालिकाओं की आपत्तिजनक तस्वीरों व वीडियो का प्रसार,



ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग तथा साइबर उत्पीड़न जैसे मामलों में किस प्रकार त्वरित कार्रवाई की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइबर ट्रिपलाइन एवं एनसीएमईसी से प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया। बैठक में जनपद के सभी थानों की महिला पुलिस अधिकारी, एएचटी, एसजेपीयू, बाल कल्याण अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी, जेजेबी, चाइल्डलाइन, वन स्टॉप सेंटर तथा विभिन्न गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके साथ ही एएसपी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि की जानकारी तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दें। एएसपी शिवराज ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# गुरु पूर्णिमा पर भक्तिकी सरिता, स्वर्णिम वर्षायोग महोत्सव में उमड़ा सैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के लालपुरा स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व स्वर्णिम वर्षायोग महोत्सव के अंतर्गत श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। गणाचार्य आचार्य 108 विराग सागर महाराज के शिष्य परम पूज्य मुनि 108 विशल्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।



कार्यक्रम में पंडित मनीष जैन शास्त्री की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल भगवान श्रीजी के अभिषेक एवं मुनि विशल्य सागर महाराज के मुखारविंद से शांतिधारा के साथ हुआ। इसके उपरांत जिन सहस्रनाम विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के तीन दिवसीय आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया गया। बरहीपुरा जैन मंदिर से भव्य घटयात्रा ढोल–नगाड़ों, भक्ति नृत्य और जयघोष के साथ निकाली गई, जो लालपुरा स्थित जैन मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में ध्वजारोहण का सौभाग्य अभय जैन को प्राप्त हुआ, जबकि दीप प्रज्ज्वलन एवं चित्र अनावरण जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार तथा भिंड जैन समाज द्वारा किया गया। महिला मंडल लालपुरा ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य भिंड जैन समाज तथा शास्त्र भेंट का सौभाग्य गया जैन समाज को प्राप्त हुआ। मुनि 108 विशल्य सागर महाराज का पूजन भी श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ किया। स्वर्णिम वर्षायोग साधु सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार, विवेक जैन, दिलीप जैन, महावीर प्रसाद जैन, रीतेश जैन, राजू जैन, सुंदर सागर लोकसभा के पदाधिकारी, महिला मंडल, कन्या मंडल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बाढ़ से बचाव को लेकर सरैया में लगाई चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। ग्राम सरैया में संभावित बाढ़ से बचाव एवं राहत तैयारियों को लेकर बाढ़ चौपाल आयोजित हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बाढ़ के दौरान सावधानी, स्वच्छता, पशुओं की सुरक्षा और राहत व्यवस्था की जानकारी दी तथा समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# जुआं खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। थाना रूपईडीहा पुलिस ने ग्राम रंजीत बोझा में छापेमारी कर जुआ खेलते दो आरोपियों को गिरतार किया। पुलिस ने 52 ताश के पत्ते, 1200 व 400 नेपाली रुपये बरामद कर जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया।

# खेत में बने मकान के अंदर महिला का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

## - घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के घुरवारा चौकी अंतर्गत पूरे बक्का मजरे तेरूखा गांव में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब खेत में बने मकान के अंदर एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद गांव में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार गांव निवासी पूनम (35 वर्ष) पिछले करीब चार वर्षों से खेत में बने मकान में अकेली रह रही थी। उसका पुश्तैनी मकान तेरूखा गांव में है जहां उसकी सास रहती हैं। पूनम का पति बृजेश मुंबई में रहकर काम करता है और करीब एक सप्ताह पहले ही गांव से मुंबई गया था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को पूनम की अपने पति से फोन पर बातचीत हुई थी और उस समय सब कुछ सामान्य था। इसके बाद मंगलवार को पति ने कई



बार पूनम के मोबाइल पर फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इस पर बृजेश ने गांव के पड़ोसियों को फोन कर पूनम के बारे में पता लगाने के लिए कहा। पड़ोसी जब खेत में बने मकान पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद ग्रामीणों ने सीढ़ी के रास्ते घर के अंदर प्रवेश किया तो नल के पास पूनम का शव पड़ा मिला। महिला की मौत की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई साथ ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पूनम की एक पुत्री भी है जो वर्तमान में अपने ननिहाल में रहती है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। महिला का शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना हत्या है या आत्महत्या, पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। ग्रामीणों के बीच महिला की मौत को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हैं लेकिन पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। डलमऊ थाना प्रभारी राघवन सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनुशासन व जागरूकता का संगम

## - उप निरीक्षक सूबेदार सिंह की मुहिम ला रही सकारात्मक बदलाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई



की गई। अभियान में 91 वाहनों के चालान करते हुए कुल 3 लाख 40 हजार रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में जनपद में यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुगम बनाने के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान में उप निरीक्षक सूबेदार सिंह अपनी सक्रिय कार्यशैली, निष्पक्ष कार्रवाई और जनजागरूकता के माध्यम से सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बुधवार को शहर के प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान में 91 वाहनों के चालान करते हुए कुल 3 लाख 40 हजार रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। इसके साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा अन्य यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। उप निरीक्षक सूबेदार सिंह ने कहा कि सड़क पर अनुशासन बनाए रखना यातायात पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति को नियमों की अनदेखी कर स्वयं एवं अन्य लोगों के जीवन को खतरे में डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी बिना किसी भेदभाव के प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी। लगातार चल रहे इस अभियान का सकारात्मक असर अब दिखाई देने लगा है। बड़ी संख्या में वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग कर रहे हैं तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक नजर आ रहे हैं। पुलिस विभाग का मानना है कि जागरूकता और कानून का समान रूप से पालन कराने से ही सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। शहरवासियों ने भी यातायात पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि इसी प्रकार नियमित एवं निष्पक्ष कार्रवाई जारी रही तो यातायात व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता और जनहित के प्रति उसकी गंभीरता का परिचायक बन रहा है।

# शराब पीने के आरोप में सात लोग गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो / दुर्गावती (कैमूर)। दुर्गावती थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए शराब पीने के आरोप में सात लोगों को गिरतार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस के अनुसार, दुर्गावती थाना अप्राथमिकी संख्या 88/26, 89/26, 90/26, 91/26, 92/26 एवं 93/26 के तहत गिरतार किए गए अभियुक्तों में दीपक कुमार पिता रामप्रकाश राम निवासी ग्राम खजुरा, डब्लू राम पिता शंकर राम निवासी ग्राम छाता, सतेंद्र शाह पिता विरेन्द्र शाह, ग्राम छाता, .ष्णकांत कुशवाहा पिता विक्रम कुशवाहा, शेषनाथ कुमार पिता श्याम बिहारी, ग्राम परसौनी, पिंटू पांडेय पिता कमला पांडेय, ग्राम पिपरियां, थाना मोहनियां तथा अजय बिंद पिता विजय बिंद, ग्राम अटरिया शामिल हैं। सभी अभियुक्त कैमूर जिले के निवासी हैं। पुलिस ने सभी को शराब के सेवन के आरोप में गिरतार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ऑटो में बैठाकर चालक से लूट करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

## - मेरठ के डीसीएम चालक से लूट की घटना का 24 घटे के भीतर खुलासा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कोतवाली पुलिस ने ऑटो चालक से लूट की सनसनीखेज घटना का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सात सौ रुपये की नकदी और घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा भी बरामद किया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को मेरठ जनपद के मुंडाली थाना क्षेत्र के अडगांव निवासी फरीद अली ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि वह डीसीएम लेकर फतेहपुर आया था। रात में ऑटो में बैठे तीन युवकों ने उससे मारपीट करते हुए एक हजार रुपये लूट लिए और अधिक रुपये की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना और



सुरागरसी के आधार पर बुधवार को पुलिस ने भूरा उर्फ निखिल गुप्ता निवासी गंगानगर थाना राधानगर, राहुल लोधी निवासी सेमौर थाना गाजीपुर तथा विनोद कुमार निवासी सेमौर थाना गाजीपुर को गिरतार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना वाली रात वे विनोद के ऑटो से हंसवा की ओर से लौट रहे थे। रास्ते में सलीम होटल के पास खड़े डीसीएम चालक को देखकर लालच आ गया और लूट की योजना बना ली। भूरा चालक के पास पहुंचा और धमकाकर रुपये मांगने लगा। चालक से एक हजार रुपये छीनने के बाद अधिक रुपये मांगने पर विरोध हुआ, जिसके दौरान धक्का–मुक्की में चालक के सिर में चोट लग गई। इसके बाद तीनों मौके से फरार हो गए और लूटी गई रकम आपस में बांट ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात सौ रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा यूपी–71बीटी/9763 बरामद किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धारा भी बढ़ाई गई। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश पाठक, आजाद कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल अनिकेत पटेल, अनिल कुमार षामिल रहे।

# पुलिस ने पकड़ा बेजुबानों से लदा डीसीएम, दो पशु तस्कर गिरफ्तार

फोटो परिचय – 13

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बेजुबानों को लादकर जा रहे डीसीएम को पुलिस ने पकड़ा है। साथ ही दो आरोपियों को गिरतार किया है। वाहन से



14 भैंस व भैंसा बरामद करते हुए हुए पुलिस ने डीसीएम को भी कब्जे में ले लिया है।

सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने बताया कि मंगलवार की दरमियानी रात गश्त व वाहन चेकिंग के दौरान मटौन्ध पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दुरेड़ी के पास एक डीसीएम में बड़ी संख्या में पशुओं को भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना पर चौकी प्रभारी भूरागढ़ अरविंद कुमार ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। जांच में डीसीएम में 14 भैंसध्भैंसा क्षमता से अधिक संख्या में क्रूरतापूर्वक लदे मिले। पुलिस ने मौके से वाहिद पुत्र मजीद और जसीम पुत्र शकील निवासी ग्राम कोर्रही, थाना बिसण्डा को गिरतार कर लिया। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र कुमार सिंह, निरीक्षक प्रेमनारायण सिंह, चौकी प्रभारी भूरागढ़ अरविंद कुमार आदि शामिल रहे।

# फर्जी दस्तावेज से जमानत कराने वाला गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना चिल्ला पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत कराने वाले गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त (गैंग लीडर) को गिरतार कर लिया गया है। गिरतार अभियुक्त शिवस्वरूप उर्फ मास्टर पुत्र




शिवलाल निवासी ग्राम भिडौरा थाना तिंदवारी (हाल पता मोहल्ला इन्द्रानगर थाना कोतवाली नगर) अपने साथियों के साथ मिलकर लंबे समय से एक ही खतौनी का उपयोग कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करता था। इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जेल में बंद अभियुक्तों की जमानत कराकर अनुचित आर्थिक लाभ अर्जित करता था। जिसके सम्बन्ध में थाना तिंदवारी में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजी.त किया गया था और वांछित चल रहा था जिसे थाना चिल्ला पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को इन्द्रानगर थाना कोतवाली नगर से गिरतार किया गया। पकड़ने वाली टीम में आनन्द कुमार साहु थानाध्यक्ष चिल्ला, कां0 सचिन कुमार, कां0 कौशल, म0कां0 हेमलता शामिल रहीं।

# महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए भरेह पुलिस का जनजागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना भरेह पुलिस ने थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन



सेवाओं तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। साथ ही इन सेवाओं का आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने साइबर सुरक्षा के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए लोगों को किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने तथा ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय पूरी सतर्कता बरतने की सलाह दी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सुरक्षा संबंधी पम्पलेट भी वितरित किए गए और उन्हें विभिन्न सुरक्षा उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

# गुरु पूर्णिमा पर नीम करोली बाबा सेवा समिति ने कराया विशाल भंडारा

संवाददाता कानपुर। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पनकी स्टेशन के पास बाबा नीम करौली सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रातः से ही आयोजित भंडारे को शाम तक शांति पूर्व संचालित किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति की ओर से भंडारे का कार्यक्रम किया गया है। समिति के सदस्य अनुराग माथुर ने बताया कि बाबा नीम करोली सेवा समिति की ओर से पनकी धाम रेलवे स्टेशन के बाहर हर शनिवार और मंगलवार को गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए ६5 में भोजन कराया जाता है। साथ ही गुरु पूर्णिमा व अन्य दिनों में भी समिति के लोग निरंतर समाज सेवा करते रहते हैं। आज का यह शुभ दिन शिष्य के प्रति गुरु के आशीर्वाद और शिष्य द्वारा गुरु के सम्मान का होता है। इस दिन शिष्य गुरु की सेवा करता है और गुरु को दक्षिणा रूपी सहयोग करता है। हिंदू परंपरा के अनुसार आषाढ़ समाप्त होते ही सावन जैसे ही शुरू होने लगता है। उसके पूर्व गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। आज के दिन हजारों की संख्या में लोगों ने गंगा स्नान करके गुरु पूर्णिमा पर्व को मनाया है। बाबा नील करौली समिति सेवा समिति के द्वारा लोगों को भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बीके मिश्रा आरसी शर्मा पंकज शर्मा करुणेश श्रीवास्तव सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

# नहर में कई दिनों से पड़े तीन मृत पशुओं से फैल रही दुर्गंध

संवाददाता राजपुर कानपुर देहात। क्षेत्र की भाल नहर में पिछले कई दिनों से दो गाय और एक भैंस के शव पड़े होने से आसपास के ग्रामीणों और स्कूली छात्र–छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मृत पशुओं से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण लोगों में बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है।भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि नहर में फंसे मृत पशुओं को हटाने के लिए संबंधित विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि दुर्गंध के कारण नहर मार्ग से गुजरना भी मुश्किल हो गया है।बुधवार को भाल गांव के अर्विंद दीक्षित, जैनपुर के कल्लू सिंह, राजपुर के दीपक मिश्रा और सभासद अजर शुक्ला ने नहर विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद नहर की सफाई और मृत पशुओं को हटाने का काम नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

# झूले से गिरकर किशोर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के विनोबानगर में बुधवार की दोपहर झूला झूलते समय अचानक रस्सी टूट जाने से गिरकर 12 वर्षीय किशोर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार विनोबानगर निवासी प्रतीम का पुत्र शिवांशू घर के सामने पेड़ में बने झूले झूलते समय अचानक रस्सी टूट जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने किशोर को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# राजपुर नहर में तीन मृत पशु, दुर्गंध से छात्र बीमार

## –शिकायत के बाद भी नहीं हटाए गए, नहर विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर ब्लॉक स्थित भाल नहर में कई दिनों से तीन मृत पशु फंसे हुए हैं। इन मृत पशुओं से उठ रही दुर्गंध के कारण राहगीरों और स्कूली छात्र–छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गंध से कई छात्र बीमार भी हो रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बताया कि नहर में दो गाय और एक भैंस मृत अवस्था में फंसी हुई हैं। उनकी



शिकायत है कि मृत पशुओं की दुर्गंध से स्कूली बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। नहर विभाग से शिकायत करने के बावजूद इन मृत पशुओं को नहीं हटाया गया है। बुधवार को भाल गांव के अरविंद दीक्षित, जैनपुर के कल्लू सिंह, राजपुर के दीपक मिश्रा और सभासद अजर शुक्ला ने बताया कि नहर विभाग में मेट महेंद्र कुमार पिछले लगभग 15 वर्षों से एक ही जगह तैनात हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मेट शिकायत के बाद भी नहर से गंदगी और मृत पशुओं को नहीं निकालते और काम में लापरवाही बरतते हैं। इससे ग्रामीणों में मेट के प्रति गहरा आक्रोश है। इस संबंध में नहर विभाग के जेई अरविंद कुमार ने बताया कि कल भी कुछ पशुओं को नहर से निकाला गया था। उन्होंने आश्वासन दिया कि जेसीबी की तलाश की जा रही है और जल्द ही नहर में फंसे शेष मृत पशुओं को भी हटा दिया जाएगा।




# राशन वितरण में गड़बड़ी पर डीएम सख्त, होगी कड़ी कार्रवाई

## - जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में दिए निर्देश

## - रिक्त राशन दुकानों पर होगी नियुक्ति, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण तेज करने की हिदायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए



अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राशन वितरण में घटतौली, अनियमितता या फर्जीवाड़ा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन उचित दर विक्रेताओं के खिलाफ शिकायतें मिलेंगी, उनकी जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, जिला समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, नगर पंचायत खागा के अध्यक्ष सहित नामित सदस्य एवं जिला पूर्ति अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के शहरी क्षेत्रों में 270533 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1674600 लाभार्थी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि जिन राशन विक्रेताओं द्वारा किसी माह में खाद्यान्न वितरण असामान्य रूप से कम या अधिक किया जाता है, वहां संबंधित पूर्ति निरीक्षक तत्काल स्थलीय जांच करें। जिन दुकानों से घटतौली की शिकायतें मिल रही हैं, उनकी भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्त पड़ी उचित दर की दुकानों पर नियमानुसार शीघ्र नियुक्ति की जाए। लगातार तीन माह या उससे अधिक समय से राशन नहीं लेने वाले अथवा मृत हो चुके कार्डधारकों का सत्यापन कर उनके राशन कार्ड निरस्त किए जाएं और उनकी जगह पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के तहत ई–पॉस मशीन के माध्यम से निर्धारित जियोफेंस सीमा के भीतर समय से खाद्यान्न उठान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही मनरेगा एवं खाद्य एवं रसद विभाग के बजट से बन रहे अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण जल्द पूरा कराने तथा नगर क्षेत्रों में भी अन्नपूर्णा भवनों के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# विद्यार्थियों ने गुरुजनों को पौधे भेंट कर गुरुकुल परंपरा को बनाया सार्थक, श्री गौर कृष्ण धाम में आयोजित हुआ महोत्सव

संवाददाता पुखरायां। कानपुर देहात। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में आज गुरु शिष्य परंपरा की प्राचीन संस्कृति का स्वरूप देखने को मिला। जहां एमए हिंदी के विद्यार्थी शिवम कौशल द्वारा अपने घर में बीज के माध्यम से विभिन्न किस्म के पौधों को उगाया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय आकर प्राचार्य प्रोफेसर हरीश कुमार सिंह, इग्नू समन्वयक डॉ पर्वत सिंह, एनसीसी प्रभारी कैप्टन जितेंद्र कुमार, डॉ निधि अग्रवाल, डॉ शिवनारायण यादव, आदित्य, संजय सिंह आदि को पौध भेंट कर विद्यार्थियों से अपील की कि प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक सजग पहरी की तरह हमेशा आगे बढ़कर पौधारोपण से लेकर उसके संरक्षण के दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि प्रतिवर्ष लगातार बढ़ रहे वैश्विक तापमान एवं गिरते भूजल स्तर, वन्य जीवों की घटती संख्या बड़े चिंता का विषय इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के प्रत्येक अवसर पर एक पौध रोपित कर आने वाली पीढ़ी को बचाने हेतु प्रकृति संरक्षण में योगदान दें। इसके साथ ही महाविद्यालय के प्रबंधक व श्री कृष्णा गौर धाम के संरक्षक श्री प्रकाश द्विवेदी के आयोजकत्व में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाते हुए क्षेत्र के गौर पाठक गांव में जगतगुरु प्रियदर्शी जी महाराज की जन्मस्थली श्री गौर कृष्ण ध ाम मन्दिर में सभी रसिक भक्तों द्वारा श्री श्री 1008जगद्गुरु श्री प्रियदर्शी जी महाराज के श्री विग्रह का पूजन अर्चन आरती और गुरुदेव भगवान के गुणानुवाद गा कर अपने जीवन को कृतकृत्य किया। महोत्सव का शुभारंभ श्री चौतन्य चरितामृत वर्षा माधुर्य महाकाव्य के इस पद के आधार पर किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि करुणा शंकर दिवाकर, प्राचार्य हरीश कुमार सिंह, राजेश चंद्र मिश्रा, शैलेन्द्र द्विवेदी, मोहित द्विवेदी विकास द्विवेदी सीताराम यशपाल सहित अनेक भक्तगण कृष्ण भक्ति भक्ति के रस में सराबोर और दिखाई दिए।

## अदालती नोटिस

न्यायालय : प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर याचिका संख्या : 85/2026 धारा : 13, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

जनपद : फतेहपुर कपिल कुमार गुप्ता पुत्र पंचम लाल गुप्ता, आयु लगभग 38 वर्ष, निवासी – 27/ए, अम्बेडकर नगर, देवीगंज, थाना राधानगर, पोस्ट, तहसील एवं जनपद फतेहपुर। ...याची बनाम सोनम उर्फ समायरा गुप्ता पुत्री स्वर्गीय रामशंकर गुप्ता, आयु लगभग 36 वर्ष, निवासिनी – 9/252, मनसुख खेड़ा, चम्पापुरवा, थाना गंगाघाट, पोस्ट शुक्लागंज, जनपद उन्नाव। ...प्रत्युत्तरदाता चूँकि उपरोक्त याची द्वारा आपके विरुद्ध हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के अंतर्गत वैवाहिक वाद याचिका इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई है, अतः आपको एतद्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 19 अगस्त 2026 को प्रातः 10:30 बजे प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करें। यह भी सूचित किया जाता है कि समाचार पत्र में इस प्रकाशन को विधिवत सूचना मानते हुए, यदि आप निर्धारित तिथि को अपराह्न 03:00 बजे तक न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो आपके विरुद्ध वाद में एकपक्षीय (EU Parte) कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाएगी तथा आपके विरुद्ध पारित होने वाली डिक्री अथवा आदेश के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। साथ ही यह भी अवगत कराया जाता है कि नियत तिथि पर दोनों पक्षों की सुनवाई के उपरान्त न्यायालय आवश्यकतानुसार मामले को परामर्शदाता (Counsellor) के समक्ष सुलह हेतु संदर्भित कर सकता है तथा पक्षकारों के मध्य समझौता कराने अथवा विधि अनुसार वाद का शीघ्र निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। यह आदेश प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर द्वारा दिनांक 20 जुलाई 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु जारी किया गया है। न्यायालय की आज्ञा से प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, फतेहपुर

(न्यायालय की मुहर)।

## अदालती नोटिस

न्यायालय : सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर

मुकदमा संख्या : 640/2025 प्रभा देवी ...वादिनी

बनाम सुधा सिंह पत्नी सेन सिंह, आयु लगभग 38 वर्ष,

निवासी दृ ग्राम सरवन खेड़ा, तहसील अकबरपुर, जनपद कानपुर देहात।

...प्रतिवादिनी सार्वजनिक सूचना / अदालती समन

चूंकि वादिनी प्रभा देवी द्वारा प्रतिवादिनी सुधा सिंह के विरुद्ध उपरोक्त वाद इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, अतः प्रतिवादिनी को आदेशित किया जाता है कि वह दिनांक 31 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद का उत्तर प्रस्तुत करें।

प्रतिवादिनी यह भी सुनिश्चित करें कि अपने पक्ष के समर्थन में जिन दस्तावेजों एवं साक्ष्यों पर वह निर्भर करना चाहती हैं, उन्हें नियत तिथि पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। यदि प्रतिवादिनी निर्धारित तिथि एवं समय पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होती हैं, तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय (EU Parte) कार्यवाही करते हुए उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर विधि अनुसार निर्णय पारित किया जाएगा।

यह नोटिस न्यायालय के आदेशानुसार प्रतिवादिनी की तामील हेतु समाचार–पत्र में प्रकाशित कराया जा रहा है।

जारी दिनांक : 23 जुलाई 2026 आज्ञा से

मुंसरिम सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय : सिविल जज (सी.डी.), जनपद फतेहपुर

प्रकीर्ण वाद संख्या : 113/70/2026

प्रमोद कुमार अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय शिव सहाय अरोड़ा, आयु लगभग 89 वर्ष, निवासी – मोहल्ला अहमदगंज, शहर एवं जनपद फतेहपुर। ...वादी बनाम अशोक कुमार अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय शिव सहाय अरोड़ा, आयु लगभग 68 वर्ष, निवासी – मोहल्ला अहमदगंज, शहर एवं जनपद फतेहपुर। ... प्रतिवादी इस्तेहार मजरिया अदालत इत्तिला आम की जाती है कि न्यायालय सिविल जज (सी.डी.), मुकाम फतेहपुर में वादी प्रमोद कुमार अरोड़ा द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण– पत्र (Succession Certificate) प्राप्त करने हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना–पत्र अथवा प्रस्तावित उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र के संबंध में कोई आपत्ति, दावा अथवा हित हो, वह दिनांक 03 अगस्त 2026 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय सिविल जज (सी.डी.), फतेहपुर में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि निर्धारित तिथि पर कोई व्यक्ति उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा न्यायालय उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर विधि अनुसार उचित आदेश पारित किया जाएगा।

आदेशानुसार सिविल जज (सी.डी.) जनपद फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय : सिविल जज (सी.डी.), फतेहपुर

मुकदमा संख्या : 106/70/2026 सीमा अवस्थी पत्नी श्री कैलाशनाथ अवस्थी, आयु लगभग 37 वर्ष, निवासी – ई. डब्ल्यू.एस.–612, जनता नगर, बर्रा–03, जनपद कानपुर नगर। ...वादिनी बनाम बंशीधर द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ द्विवेदी, आयु लगभग 65 वर्ष,

निवासी : ग्राम परसंढा, परगना कोड़ा, जनपद फतेहपुर। ...प्रतिवादी

सार्वजनिक सूचना/अदालती नोटिस सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि वादिनी सीमा अवस्थी द्वारा इस न्यायालय में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 16.10.2018 के संबंध में वाद प्रस्तुत किया गया है।

अतः प्रतिवादी को आदेशित किया जाता है कि वह दिनांक 28 अगस्त 2026 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय सिविल जज (सी.डी.), फतेहपुर में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित उत्तर एवं साक्ष्य प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतिवादी उपस्थित नहीं होते हैं, तो न्यायालय उनके विरुद्ध एकपक्षीय (EU Parte) कार्यवाही करते हुए उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर विधि अनुसार निर्णय पारित करेगा। यह सूचना प्रतिवादी की तामील हेतु स्थानीय समाचार– पत्र में प्रकाशित कराई जा रही है। जारी दिनांक : 29 जुलाई 2026 आदेशानुसार सिविल जज (सी.डी.) जनपद फतेहपुर।

# जनसुनवाई में एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

## – समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें एसपी के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक



ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि फरियादियों को न्याय मिल सके।

# आईटीआई में प्रवेश हेतु चार अगस्त तक करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश का सुनहरा अवसर है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए राजकीय एवं निजी आईटीआई में संचालित विभिन्न व्यवसायों तथा टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से प्रदेश के 211 राजकीय आईटीआई में संचालित 10 दीर्घकालीन व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 4 अगस्त तक वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण एवं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर अभ्यर्थियों को संशोधन के लिए 48 घंटे (दो दिन) का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन से संबंधित विस्तृत विवरण, दिशा–निर्देश एवं ई–फॉर्म वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार विवरणी डाउनलोड या प्रिंट भी कर सकते हैं। प्रवेश पंजीकरण शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 250 रुपये, जबकि सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए मात्र 100 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रधानाचार्य ने युवाओं से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है, ताकि अंतिम समय की परेशानी से बचा जा सके।

# आषाढ़ी पर्व पर आम खरीददारों की भीड़ से नवीन मंडी में लगा जाम

## – पिछले साल से दस गुना अधिक दाम रहे

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। गुरु पूर्णिमा पर्व के चलते नवीन मंडी स्थल में आम खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आम खरीदने मंडी पहुंचे। खरीददारों की भीड़ और वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण मंडी परिसर और आसपास के मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। काफी देर तक लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभालने का प्रयास किया। पुलिस की मौजूदगी के बाद वाहनों को व्यवस्थित तरीके से निकाला गया, जिसके बाद किसी तरह रास्ता खुल सका और लोगों को राहत मिली। भीड़ के कारण मंडी में पूरे दिन चहल–पहल का माहौल बना रहा। गुरु पूर्णिमा पर्व के कारण आम की मांग बढ़ने से मंडी में खरीदारी के लिए लोगों की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी अधिक रही। मंडी में आम की विभिन्न किस्मों की कीमत करीब 120 रुपये से लेकर 190 रुपये तक रही। खरीददारों का कहना था कि इस बार आम के दाम पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक हैं। आम खरीदने पहुंचे जय प्रकाश तिवारी, रिंकू सविता, नरेंद्र सिंह और सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस साल आम की कीमतों में काफी इजाफा हुआ है। उनका कहना था कि त्योहार के चलते खरीदारी जरूरी होने के कारण अधिक कीमत के बावजूद आम खरीदना पड़ रहा है। मंडी में भीड़ के चलते व्यापारियों और खरीददारों के बीच दिनभर व्यस्तता बनी रही।



# सर्वोदय इंटर कॉलेज की अव्यवस्थाओं पर डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

## – कांग्रेसियों ने त्वरित कार्रवाई की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में व्याप्त शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में विद्यालय की बदहाल व्यवस्थाओं को छात्रों के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया गया है। खागा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ओम प्रकाश गिहार, हुसैनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शिवाकांत तिवारी व सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मो. मोहसिन खान की संयुक्त अगुवई में प्रतिनिधिमंडल डीआईओएस कार्यालय पहुंचा। जहां दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में विद्यालय के छात्रों ने जर्जर भवन, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था न होने तथा विषयवार शिक्षकों



की कमी जैसी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया था। इन अव्यवस्थाओं के कारण शिक्षा का स्तर प्रभावित हो रहा है और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। कांग्रेस नेता ओम प्रकाश गिहार ने जिला विद्यालय निरीक्षक से मांग की कि सर्वोदय इंटर कॉलेज में व्याप्त सभी कमियों को शीघ्र दूर कराया जाए, ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। ज्ञापन में विद्यालय के भवन, पेयजल, शिक्षकों की उपलब्धता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की गई है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो छात्रहित में आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई जाएगी। इस मौके पर ध ीरज पाल, आर्यन, आषुतोश, मो0 फैजी, सोहेल, आमिर, अजीत पाल आदि मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा : गुरुओं की आरती उतार शिष्यों ने लिया आशीर्वाद

## - जिले भर में धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बुधवार को जिले भर में गुरू पूर्णिमा (अषाढ़ी) का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सभी ने अपने–अपने गुरूओं की आरती व पूजा–अर्चना करके आशीर्वाद लिया। गुरूओं ने सभी को सत्य मार्ग पर चलने की नसीहत दी। दिन भर बाजार में चहल–पहल बनी रही। आम की बिक्री जमकर हुई। शहर के गोपालनगर स्थित राधावाटिका में गुरू पूर्णिमा पर विशाल संतों का भंडारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व न्यायमंत्री राधेश्याम गुप्त ने स्वामी मूलानन्द जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती की। पूर्व मंत्री के साथ व्यापारी गोपाल .ष्ण गुप्ता, अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता ने स्वामी जी की प्रतिमा की आरती किया। साथ ही वहां पर सैकड़ों की तादात में आए साधू सन्तों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से अविरलगति से चल रहा है। इस अवसर पर तमाम लोग मौजूद रहे। उधर शहर के पक्का तालाब स्थित श्री द्वारिकापुरी हनुमान मंदिर में अनंत विभूषित संत शिरोमणि वैष्णव कुलभूषण श्रीश्री 1008 रामनारायण दास त्यागी जी महाराज के दर्शन को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूजा–अर्चना करके उनका आशीर्वाद लिया। गुरूजी ने भक्तों को सही व सत्य मार्ग पर चलने की सीख दी। उन्होने उपस्थित लोगों को गुरू की महत्ता भी बताई। इस मौके पर हृदय नारायण सिंह उर्फ अमित सिंह, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, अनुपम सिंह उर्फ पिन्टू, अनाम पाण्डेय, अवधेश यादव,



देवराज सिंह, मोहित मोहन दास, बजरंगी बाबा, कल्पना सिंह, पंकज त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, अंकित सिंह, सीनू सिंह, शिवलखन सिंह, अजय पाण्डेय, रोहित, अजय मौर्य भी मौजूद रहे। इसी तरह जिले के एक सैकड़ा से अधिक मठ–मंदिरों व सिद्धपीठों में भाजपाइयों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए, प्रातः काल से ही पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा साधु–संत महात्माओं का माल्यार्पण व अंगवस्त्रों के साथ अर्चन वन्दन् के साथ आशिर्वाद प्राप्त किया गया। किशुनपुर स्थित फाल्गुनगिरि तपोस्थली के साथ ही सत्ती मां मन्दिर त्रिलोचनपुर व कबरहा हनुमान मंदिर में राज्यमंत्री .ष्णा पासवान द्वारा साधु–संत सेवा की गई। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा बांके बिहारी मन्दिर व भिटौरा स्थित ओम् घाट में पहुंच कर संत सेवा की गई। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के दिशा–निर्देश पर जनपद के सभी मंडलों के मठ–मंदिरों व सिद्धपीठों के साधु–संतों व पुजारियों का सम्मान संगठन के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा गुरू पूर्णिमा तिथि पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जहां सभी लोगों द्वारा सायंकाल में आरती कीर्तन के साथ ही दीपोत्सव भी किया जायेगा। उधर उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष मनोज साहू एवं जिला उपाध्यक्ष अनिल महाजन ने वरिष्ठ शिक्षक व समाजसेवी बलराम मिश्रा के आवास पहुंचकर अंगवस्त्र (शॉल) ओढ़ाकर सम्मानित किया और मुंह मीठा कराते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इसी तरह भोजन जन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग के संचालित जमालपुर मवइया भिटौरा रोड स्थित वृद्धजन आवास पहुंचकर सेवा और सम्मान की अनूठी मिसाल पेश की। समिति की ओर से सभी वृद्धजनों को आम वितरित किए गए। फल वितरण के दौरान बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। समिति के पदाधिकारियों ने उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक कुमार शेखर, नरेश गुप्ता, शैलेश साहू, सुरेश, बल्लू बाबू श्रीवास्तव, वृद्धजन आवास की अधीक्षिका नीतू वर्मा व अशोक यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं विजयीपुर की मंडल अध्यक्ष व टेसाही बुजुर्ग की ग्राम प्रधान प्रीती सिंह व उनके पति प्रधानाचार्य संजीत सिंह उर्फ बच्चन द्वारा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल को अपने आवास पर ससम्मान बुलाकर हर वर्ष की ही भांति इस वर्ष भी गुरु के रूप में सम्मान दिया। इस अवसर पर धीरेंद्र शुक्ल भी मौजूद रहें।

# स्टंटबाज युवाओं ने उड़ाई यातायात नियमों की धज्जियां

## - बिना हेलमेट फर्राटा, स्टैंडबाजी और ओवरस्पीड हर दिन दांव पर लग रही जिंदगियां

## - जागरूकता अभियान के बावजूद नहीं बदल रही तस्वीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और यातायात विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहे हैं, लेकिन इसका असर युवाओं पर दिखाई नहीं दे रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में बाइक सवार युवक बिना हेलमेट तेज रतार में बाइक दौड़ाते और खतरनाक स्टंट करते नजर आ रहे हैं। मानो उन्हें न अपनी जान की परवाह है और न ही दूसरों की सुरक्षा की चिंता। कई युवक तो खुलेआम बाइक पर स्टैंडबाजी करते हुए सड़कों पर फर्राटा भरते हैं, जिससे हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। यातायात पुलिस समय–समय पर स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाती है। युवाओं को हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और यातायात नियमों का सम्मान करने की सीख दी जाती है। इसके बावजूद हकीकत यह है कि सड़क पर निकलते ही अनेक युवक इन नियमों को ताक पर रख देते हैं। ऐसा लगता है जैसे उनके लिए सड़कें रेसिंग ट्रैक बन गई हों और स्टंटबाजी करना शौक नहीं बल्कि पहचान बन गया हो। ग्रामीण क्षेत्रों के संपर्क मार्गों पर यह लापरवाही और भी अधिक देखने को मिलती है। यहां पुलिस की मौजूदगी कम होने का फायदा उठाकर कई युवक तेज रतार में बाइक दौड़ाते हैं। बिना हेलमेट तीन–तीन लोगों को बैठाकर सफर करना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना और स्टैंडबाजी करना आम बात बन चुकी है। कई बार राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को भी ऐसे युवाओं की वजह से परेशानी और दुर्घटना का खतरा झेलना पड़ता है। तस्वीर भी यही बयां कर रही है कि कुछ युवाओं में न तो पुलिस कार्रवाई का डर



दिखाई देता है और न ही मौत का खौफ। वे खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पुलिस को चुनौती देते नजर आते हैं। ऐसे में जरूरत है कि पुलिस स्टंटबाज युवाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करे। वहीं अभिभावकों को भी अपने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रेरित करना होगा। क्योंकि सड़क पर जिम्मेदारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है, और थोड़ी–सी लापरवाही जिंदगी भर का दर्द बन सकती है।

# सुखदेव नगर में बिजली आपूर्ति की व्यापार मंडल ने उठाई मांग

## - अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन, विद्युतीकरण की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लखनऊ मार्ग स्थित नगर पालिका क्षेत्र की



नई बस्ती उधन्नापुर (सुखदेव नगर) में जल्द से जल्द विद्युतीकरण कराए जाने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश ने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खंड को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बस्ती में विद्युत आपूर्ति शुरू कराने की मांग करते हुए स्थानीय लोगों की समस्याओं से अवगत कराया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि उधननापुर (सुखदेव नगर) में वर्षों से बड़ी संख्या में परिवार निवास कर रहे हैं और सैकड़ों मकान बन चुके हैं। क्षेत्र में विद्युत पोल भी लगाए जा चुके हैं, लेकिन अब तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इसके चलते स्थानीय लोग पेयजल आपूर्ति समेत कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। व्यापार मंडल ने कहा कि बिजली न होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जबकि छोटे व्यापार और घरेलू कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। संगठन का कहना है कि यदि क्षेत्र का शीघ्र विद्युतीकरण किया जाता है तो एक ओर स्थानीय निवासियों को आवश्यक सुविधा मिलेगी, वहीं विद्युत विभाग को भी नए उपभोक्ताओं से राजस्व प्राप्त होगा। उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने विद्युत विभाग से मांग किया कि उधन्नापुर (सुखदेव नगर) में अविलंब विद्युत प्रवाह शुरू कराया जाए। इस दौरान स्थानीय निवासी मनोज कुमार गुप्ता, नीरज तिवारी, प्रमोद तिवारी और रिंकू सिंह सहित अन्य लोगों ने भी मांग का समर्थन किया।

## अदालती नोटिस

न्यायालय : प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर वाद संख्या : 1018/2025 नुसरत जहां पत्नी मो० आसिफ खान, आयु लगभग 29 वर्ष, पुत्री स्व० मुमताज हुसैन, निवासी मोहल्ला मुगलाही, किले वाली मस्जिद के पास, थाना बिन्दकी, जनपद फतेहपुर।

...याचिनी बनाम मो० आसिफ खान पुत्र निजामुद्दीन खान, आयु लगभग 30 वर्ष, निवासी रहीमनगर, वार्ड नं. 3, रसूलाबाद, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात। ...प्रत्युत्तरदाता धारा : 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) सार्वजनिक सूचना / अदालती नोटिस चूंकि याचिनी नुसरत जहां द्वारा प्रत्युत्तरदाता मो० आसिफ खान के विरुद्ध उपर्युक्त वाद परिवार न्यायालय, फतेहपुर में संस्थित किया गया है, अतः एतद्वारा प्रत्युत्तरदाता को सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 02 सितम्बर 2026 को प्रातः 10रू30 बजे प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर के समक्ष व्यक्तिगत रूप से अथवा विधि अनुसार उपस्थित होकर अपना लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि प्रत्युत्तरदाता नियत तिथि एवं समय पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय (EÛ Parte) कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाएगी तथा न्यायालय उपलब्ध अभिलेखों एवं साक्ष्यों के आधार पर विधि अनुसार आदेश पारित करेगा, जिसके लिए प्रत्युत्तरदाता स्वयं उत्तरदायी होंगे। यह भी सूचित किया जाता है कि नियत तिथि पर दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत न्यायालय आवश्यकतानुसार वाद को परामर्शदाता (Counsellor) के समक्ष सुलह–समझौते हेतु संदर्भित कर सकता है तथा मामले के शीघ्र एवं न्यायोचित निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। यह आदेशिका परिवार न्यायालय, फतेहपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 15 जुलाई 2026 के अनुपालन में समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु जारी की जा रही है। जारी दिनांक : 20 जुलाई 2026 न्यायालय की आज्ञा से

(मुंसरिम) प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय : सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर
मुकदमा संख्याः 645/2022

वादीगण फूलचन्द्र, आयु लगभग 70 वर्ष (फौत दिनांक 10.12.2024) दयाशंकर, आयु लगभग 50 वर्ष उमाशंकर, आयु लगभग 45 वर्ष जयशंकर, आयु लगभग 40 वर्ष सभी पुत्रगण स्वर्गीय रामनाथ, निवासी ग्राम पनई इनायतपुर, परगना, तहसील एवं जनपद फतेहपुर।

...वादीगण बनाम

प्रतिवादीगण अन्विति त्रिवेदी, आयु लगभग 36 वर्ष, पत्नी धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी, निवासी दुर्गानगर कॉलोनी, हरिहरगंज, शहर एवं जनपद फतेहपुर। रामेश्वर, आयु लगभग 55 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय रामनाथ, निवासी ग्राम पनई इनायतपुर, परगना, तहसील एवं जनपद फतेहपुर।

...प्रतिवादीगण सार्वजनिक सूचना / अदालती नोटिस

वाजेह हो कि वादीगण द्वारा प्रतिवादीगण के विरुद्ध बैनामा निरस्तीकरण (मंसूखी) वाद इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः आप प्रतिवादीगण को आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03 अगस्त 2026 को प्रातः 10:00 बजे न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद का लिखित उत्तर प्रस्तुत करें तथा अपने पक्ष के समर्थन में समस्त साक्ष्य, गवाह एवं अभिलेख न्यायालय के समक्ष पेश करें। यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपर्युक्त तिथि एवं समय पर आप न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो आपके विरुद्ध एकपक्षीय (EU Parte) कार्यवाही करते हुए वाद का निर्णय विधि अनुसार कर दिया जाएगा। यह सूचना प्रतिवादीगण की तामील हेतु स्थानीय समाचार–पत्र में प्रकाशित कराई जा रही है।

जारी दिनांक : 29 जुलाई 2026 आदेशानुसार सिविल जज (जू०डि०), फतेहपुर।

# संक्षिप्त समाचार

## अनियंत्रित बाइक से गिरकर चालक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के उमरपुर गौती (काजीपुर) गांव के मोड़ पर एक तेज बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार सुजरही खागा से दो युवक रामू.और श्याम अपने ससुराल सलेमपुर (मंडवा) गांव जा रहे थे, तभी प्रेमनगर कस्बा के आगे उमरपुर गौती (काजीपुर) गांव के खतरनाक मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर पटरी किनारे लगे पत्थर में बाइक टकरा गयी और चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों ने पटरी से निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हालत स्थिर बताई जा रही है।

## सपोर्ट वायर की चपेट में आ जाने से युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के तांबेश्वर कालोनी में बुधवार की सुबह घर के समीप स्थित ट्यूबवेल के पास अचानक करंट की चपेट में आ जाने से 36 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार ताम्बेश्वर निवासी देवी चरन मौर्य का पुत्र अवलेश मौर्य आज सुबह घर के समीप स्थित ट्यूबवेल के पास सपोर्ट वायर की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने जहर खा की आत्महत्या

### – मृतका के भाई ने लगाया मारने पीटने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के रानीसागर मजरे नन्दापुर गांव में संदिग्ध अवस्था में 30 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। वहीं मृतका के भाई ने पति पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। जिसके चलते बहन ने आत्महत्या कर ली है।

जानकारी के अनुसार रानीसागर मजरे नन्दापुर गांव निवासी रमेश की पत्नी शोभा देवी ने संदिग्ध अवस्था में घर में जहरीला पदार्थ खा लिया कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के भाई परवेश कुमार ने बताया कि बहनोई अक्सर करके उसकी बहन को मारता पीटता और उसके ऊपर गलत लांक्षन लगाता था। जिससे त्रस्त आकर उसकी बहन ने जहर खाकर आन दे दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## गैस वेल्डिंग सिलेंडर फटने से दुकानदार सहित दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हडिया सलेमाबाद में बुधवार की शाम गैस वेल्डिंग सिलेंडर फट जाने से दुकानदार सहित दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार हड़िया सलेमाबाद निवासी केसरी का 45 वर्षीय पुत्र दीपू पटेल की हड़िया सलेमाबाद में साइकिल की दुकान है वहीं वह गैस वेल्डिग का भी काम करता है। बुधवार की शाम वह गैस वेल्डिंग कर रहा था। तभी अचानक गैस सिलेंडर फट गया। जिससे दीपू पटेल एवं स्व0 शिवशंकर का 21 वर्षीय पुत्र शिवमंगल जो अपनी पार्वती 48 वर्ष व डेढ वर्षीय पुत्री नित्या के साथ हड़िया सलेमाबाद बैंक ऑफ बडौदा से पैसा निकालने आया था। इसी बीच हादसा हो गया था। जिससे दुकानदार शिवमंगल घायल हो गये। हालाकि और भी हताहत होने की कोई खबर नहीं है। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलो को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## बाइकों की भिड़ंत में पिता पुत्री समेत तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चक बिसौली के समीप बुधवार की शाम बाइक सवार पिता पुत्री को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे पुत्री सहित दूसरा बाइक सवार भी घायल हो गया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के करगदेमऊ गांव निवासी जीवन सिंह 50 अपनी 24 वर्षीय पुत्री सोनम देवी को बाइक में बैठाकर शहर आ रहा था। जैसे वह कोतवाली चक बिसौली के पास पहुचे तभी पीछे से तेज रतार आ रहा बाइक सवार मोनू पुत्र रमेश 18 वर्ष निवासी दलीपुर थाना राधानगर ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे पिता पुत्री सहित दूसरी बाइक सवार भी घायल हो गया। 180 के ईएमटी अमित कुमार व पायलट रमेश ने मौके में पहुंच घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )